तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 14 मई 2025




10 जिला चिकित्सालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे पर नर्सों का किया गया सम्मान


10 पानी बचाने चलाई जाएगी मुहिम, बैठक में दिए गए निर्देश




## खबर संक्षेप

### एएसपी ग्रामीण ने ली परेड की सलामी



**भिलाई।** एएसपी अभिषेक झा ने मंगलवार को पुलिस लाईन दुर्ग में जनरल परेड का आयोजन किया। जनरल परेड की सलामी एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने ली गई । परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों के वेषभूषा का निरीक्षण भी किया गया। उत्तम वेषभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी भारी वाहनों के रख-रखाओं का जायजा लिया। वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत दिया गया। परेड में डीएसपी चन्द्र प्रकाश तिवारी, डीएसपी एलेक्जेंडर किरो, नीलकंठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक आदि मौजूद थे।

### पुरानी रंजिश पर टंकिया से वार, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के कारण युवक पर टंगिया से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अछोटी अण्डा निवासी दिनेश दिल्लीवार ने शिकायत किया है कि 12 मई को घर ग्राम अछोटी में इसका भतीजा आरोपी डेमेन्द्र ने पीड़ित को टंगिया से वार किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने डेमेंद्र दिल्लीवार को पकड़ लिया।

## एजुकेशन हब : बारहवीं में अदिति व दसवीं में कृषांक व प्रसून के सर्वोच्च अंक

# बारहवीं में 89.68 व दसवी में 95.61% विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं और 10वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने इस बार भी गौरवान्वित किया है। ट्विनसिटी से इस बार 12वीं में 5996 और 10वीं में 4897 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। बारहवीं में 89.68 प्रतिशत और दसवीं में 95.61 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। पिछले साल बारहवीं में 90 प्रतिशत परीक्षार्थियों को सफलता मिली थी, लेकिन इस बार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के संख्या बढ़ी है। बारहवींमें मैथ्स, साइंस और कॉमर्स के विद्यार्थी बराबरी पर रहे है। 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वालों में इस वर्ष छात्र ज्यादा हैं जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2024 में छात्राएं ज्यादा रही। बोर्ड ने मेरिट सूची जारी नहीं की है। स्कूलों ने विद्यार्थियों सर्वोच्च अंक को जारी किया है।

### 541 विद्यार्थियों के अंक 96 प्रतिशत से ज्यादा

बारहवीं में 12वीं में इस बार करीब 541 परीक्षार्थियों के अंक 96 प्रतिशत से अधिक हैं। इस बार जिले 98 प्रतिशत अंक दो विद्यार्थियों के हैं। दसवीं में इस साल सर्वोच्च अंक 99 प्रतिशत तक गया है। यह पिछले साल यानी वर्ष 2024 से 1.40 अंक से ज्यादा है। वहीं करीब 901 बच्चों के अंक 95 प्रतिशत अंक या इससे ज्यादा हैं।

### 12वीं में आयति व 10वीं में कृषांक व प्रसून

सीबीएसई बारहवीं में डीपीएस भिलाई के विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक हासिल करने में कामयाब हुए हैं। बारहवीं में साइंस स्टूडेंट्स आयति बिजौरिया 98 प्रतिशत ने सर्वोच्च अंक लिया है। इसी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने एक ही प्रकार के अंक लिए हैं। जिसमें दर्शित जैन 97.60 प्रतिशत साइंस और सक्षम अग्रवाल 97. 60 प्रतिशत कामर्स हैं। दसवी बोर्ड में डीपीएस भिलाई के ही कृषांक सहारिया व प्रसून श्रीवास्तव ने 98.80 अंक लेकर सर्वोच्च स्थान लिया है।



### कांसेप्ट बेस को पूरा ध्यान दें

अच्छा प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को पूरी मेहनत करनी होगी। पहले ऐसा रहता था कि पेपर के पेटर्न के हिसाब से याद कर लिया और परीक्षा पास कर ली। अब ऐसा नहीं है। सवाल वहीं है लेकिन उसे क्लीष्ट कर पूछा जा रहा है। इसका मतलब यह जानना है कि सवाल को छात्र समझ पा रहा है या नहीं। इसलिए बारहवीं क्लास में आने वाले विद्यार्थी रटने के बजाय इंटरनल केंद्रित कर पढ़ाई करें।

-आरएस पांडेय, पूर्व कोआर्डिनेटर, सीबीएसई

### साइबर सिक्युरिटी टूल बनाऊंगी: आयति



भिलाई डीपीएस 12वीं की छात्रा आयति बिजौरिया 98 प्रतिशत साइबर क्राइम के क्षेत्र में जाना चाहती है। वे बताती है कि इस क्राइम से लोगों को बचाने के लिए साइबर सिक्युरिटी का टूल बनाऊं। जेईई मेंस क्लियर किया है। अभी एडवांस और क्लीयर करना है। स्कूल की पढ़ाई के साथ खैरागढ़ विवि से संगीत विशारद भी किया है। पिता नीतेश बिजौरिया फार्मेसी मैनेजर और मां माधुरी बिजौरिया व्याख्याता हैं।

### डॉक्टरी विरासत को आगे बढ़ाऊंगा: दर्शित



डीपीएस भिलाई के दर्शित जैन 97.60% अपने विरासत को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वे बताते हैं कि उनके दादा चिकित्सक थे। पिता डॉ. प्रवीण जैन और मां डॉ. शिल्पा जैन भी चिकित्सक हैं। उनकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चौथा डॉक्टर बनना चाहता हूं। इसके लिए नीट की परीक्षा दी है। लक्ष्य तय करने के लिए टाइम मैनेजमेंट बेहद जरूरी है।

**दसवीं**

| | |
|---|---|
| कृषांक सहारिया- | 98.80% |
| प्रसून श्रीवास्तव- | 98.80% |
| कुल परीक्षार्थी | 4897 |
| उत्तीर्ण परीक्षार्थी | 4682 |

**बारहवीं**

| | |
|---|---|
| आयति बिजौरिया | 98% साइंस |
| दर्शित जैन | 97.60% साइंस |
| सक्षम अग्रवाल | 97.60% कामर्स |
| कुल परीक्षार्थी | 5996 |
| उत्तीर्ण परीक्षार्थी | 5377 |

**12वीं बोर्ड का पिछले आठ साल का परिणाम**

| वर्ष | विद्यार्थी | उत्तीर्ण |
|---|---|---|
| 2017-18 | 5600 | 5310 |
| 2018-19 | 6560 | 6364 |
| 2019-20 | 4968 | 4889 |
| 2020-21 | 4960 | 4960 |
| 2021-22 | 7200 | 6948 |
| 2022-23 | 6600 | 6530 |
| 2023-24 | 7988 | 7109 |
| 2024-25 | 5996 | 5377 |

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बनाऊंगी कॅरियर: कृषांक



कृषांक सहारिया 98.80% बताती हैं कि हमें लिख-लिखकर विषयों को याद करना चाहिए। इससे जेहन में मटेरियल फिट रहता है। परीक्षा में ये बेहद काम आती है। परीक्षा के साथ साथ अन्य तैयारियां साथ में चलती रही। आईआईटी में पढ़ कर आर्टिफिशियस इंटेलीजेंस में करियर बनाना है। पिता मुकुल कुमार सहारिया डीजीएम और मां नंदिता गृहिणी हैं।

### सोशल मीडिया से बनाई दूरी: प्रसून



प्रसून्न श्रीवास्तव 98.80% बताते हैं कि टाइम मैनेजमेंट के साथ परीक्षा की तैयारी की। इस दौरान सोशल मिडिया से दूरी बनाए रखी। हर दिन 4-6 घंटे पढ़ाई कर इस मुकाम तक पहुंचा। गणित में विशेष रुचि है। इसलिए आगे आईआईटी मुंबई से सीएस में बीटेक करने का प्लान है। पिता सुधीर श्रीवास्तव आरआई हैं और मां रश्मि श्रीवास्तव गृहिणी हैं।

### सभी विषयों को बराबर समय दिया: सलोनी



सलोनी सिंह 98.60% बताती है कि शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से पढ़ाई करना बेहद जरूरी होता है। इससे पर्याप्त समय मिलता है। टाइम टेबल बनाकर सभी विषयों को बराबर समय दिया। इस वजह से आसानी से परीक्षा की तैयारी कर सकी। पढ़ाई के अतिरिक्त स्कैच बनाने और संगीत में वाद्य यंत्र बजाने में दिलचस्पी है। पिता प्रदीप सिंह कांट्रेक्टर हैं और मां संजू देवी गृहिणी हैं।

### बीमारी को पछाड़ कर मुकाम हासिल किया: दिशानी



दिशानी सीए बनना चाहती थी। वे बताती है कि मुझे मनी मैनेजमेंट, फाइनेंस और बिजनेस की ओर रुझान रहा है। परीक्षा की तैयारी के समय माइग्रेन और साइनस ने परेशान रही। फिर भी इन बीमारियों को पछाड़कर मुकाम को हासिल की। पिता उज्जवल धर मार्केटिंग मैनेजर और मां ईशानी धर गृहिणी हैं।

# गांजा तस्कर की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गांजा तस्करी करने वाले वाली महिला जी सरोजनी, जी धनराजू की संपत्ति को जप्ती करने का आदेश मिला है।

सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र में 6 सितंबर 2024 को अवैध गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने जी. सरोजनी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियां पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में शामिल थी। अवैध गांजा का कारोबार कर धन एवं संपत्ति बनाया गया है। दुर्ग पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति व हेण्डलर डिल्ट्रीब्यूटर के चेन को तोड़ने कारोबार करने वाले और उसमें शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर रही है। जी. सरोजनी के खुर्सीपार स्थित 2 मकान, मिनी माता नगर स्थित 1 मकान, उनके घर में उपयोग किये जाने वाले 2 पहिया वाहनों को जप्त कर फ्रीजिंग आर्डर थाना प्रभारी खुर्सीपार द्वारा जारी किया है। जिसे सेफिमा कोर्ट मुंबई को भेजा गया था। सेफिमा कोर्ट द्वारा विचारण के बाद संपत्तियों का जप्ती आदेश जारी किया गया है। बालाजी नगर खुर्सीपार का मकान 16 लाख 55 हजार 654, मिनी माता नगर खुर्सीपार 20 लाख 46 हजार 444 रुपए, गणेश मंदिर बाला जी नगर में मकान 2 लाख 12 हजार 502 रुपए, बाइक सीजी 07 सी क्यू 5990 जी धनराजू 40 हजार, बाइक सीजी 04 सी ए 1208 जी. धनराजू 25 हजार की संपत्ति को जप्त की कार्रवाई हुई है।







## खबर संक्षेप



### मानसून पूर्व नालियों की चल रही सफाई

दुर्ग। बारिश शुरू होने के पहले महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नाले-नालियों की सफाई की जा रही है। वार्ड 42 में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, प्रकाश गीते सहित संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। आयुक्त ने सोमवार को कसारीडीह पंचमुखी मंदिर में नाले-नालियों की वृहद रुप से साफ-सफाई की गई। वार्ड 42 कसारीडीह, आजाद चौक, राव कालेज, बेरपारा, सुभाष नगर, शिव मंदिर सहित चौराहे का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर क्षेत्र के 60 वार्डों गली-मोहल्लों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए वृहद रूप से महा-सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत शहर के समस्त नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी। आयुक्त ने कहा कि नाली सफाई के दौरान दिक्कत कर रही पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए साथ ही पाइप लाइन लीकेज को सुधारने कहा। निरीक्षण के दौरान नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, सहायक स्वच्छता अधिकारी पंकज चंद्रवंशी, सहित सुपर वाइजर उपस्थित रहे।

### रेत का अवैध परिवहन 13 हाइवा पकड़े गए



भिलाई। खनिज विभाग की टीम ने दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में 3 हाईवा को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा। खनिज निरीक्षक दीपक तिवारी के नेतृत्व में टीम ने सुबह से ही छापामार कार्रवाई शुरु की। सबसे पहले उतई फिर पाटन और रानीतराई थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्ग में दबिश दी गई। तेरह हाईवा रेत जब्त किया गया। रायल्टी पर्ची नहीं दिखाने पर उक्त गाड़ियों को संबंधित थाना क्षेत्र के सुपुर्द नामा में दिया गया। देर रात तक खनिज विभाग की कार्रवाई चलती रही।

**सख्ती : हाईजैनिक मछली मार्केट पड़ा वीरान, थोक विक्रेता शिफ्टिंग को राजी नहीं**

# मटन और मछली मार्केट के विक्रेता अड़े, भवनों को किया जर्जर घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट में मटन और मछली बाजार लगाने वाले विक्रेता हाईजैनिक मार्केट में जाने को अब तक राजी नही हुए है। जिसके चलते नगरनिगम द्वारा अब इंदिरा मार्केट में उनके द्वारा संचालित भवनों को जर्जर घोषित कर दिया है। जर्जर भवन में रोक के बाद भी दुकान लगाने पर कोई घटना होगी तो जवाबदेही उन्ही की होगी। निगम के इस घोषणा से थोक विक्रेताओं के बीच एक बार फिर खलबली मच गई है। देखना है कि, निगम के इस फैसले से क्या वहां दुकाने हटेगी।

उल्लेखनीय है कि, इंदिरा मार्केट में करीब सत्तर से अधिक मटन और मछली विक्रेता दुकान लगा रहे है। इंदिरा मार्केट शहर का सबसे बडा मार्केट है। यहां आवासीय और कमर्शियल की दुकानों से लेकर बडी आबादी आसपास निवासरत है। मटन और मछली बाजार लगने से यहां उठने वाले बदबू से लोग परेशान है। विगत लंबे समय से दुकानों को यहां से हटाकर फारेस्ट विभाग के सामने करीब ढाई करोड की लागत से बने हाईजैनिक बाजार में शिफ्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन मछली और मटन मार्केट के विक्रेता हटने को राजी नही हैं। यही कारण है कि, निगम द्वारा अब वहां संचालित

**खास बातें**

- लंबे समय से चल रही कवायद, विक्रेता जाने को राजी नहीं
- बीच बाजार में लग रहा मटन और मछली का बाजार
- सुबह से ही वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक भी हो रहा प्रभावित

**शहर के बीच बाजार में लग रही मटन और मछली की दुकानें**



### लंबे समय से शिफ्टिंग की चल रही कवायद

मई इंदिरा मार्केट स्थित मटन, मछली मार्केट की भवन का अत्यंय जीर्णशीर्ण हो जाने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटने की आशंका को देखते हुए महापौर अलका बाघमार व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा आम जनता को मटन, मछली मार्केट के अंदर खरीदी हेतु जाने से बचने की सलाह दी गई। निगम प्रशासन द्वारा न्यू हाईजेनिक मछली मार्केट सिविल लाइन में विस्थापित किए जाने की कवायद की जा रही है। लेकिन सफलता नही मिली हैं। निगम प्रशासन ने जर्जर मटन, मछली मार्केट में आम जनता को अपने जोखिम में जाने को बोला गया है।

### ढाई करोड़ खर्च कर बनाया गया हाईजैनिक बाजार

इधर मटन और मछली विक्रेता शिफ्टिंग के लिए तैयार नही हो रहे है। उन्हें डर है कि, शिफ्टिंग के बाद वहां ग्राहक नही आएंगे। उनका कहना है कि, वे पिछले कई सालों से इंदिरा मार्केट में नगरनिगम द्वारा उनके नाम से आबंटित किए गए भवन में दुकान लगा रहे है। वे हर माह निगम को टैक्स भी देते है। बताया गया कि, कुछ विक्रेता इस मामले को लेकर हाईकोर्ट भी गए है। कोर्ट ने इस मसले पर स्टे दे दिया है। इसलिए भी शिफ्टिंग की कार्यवाही आगे नही बढ पा रही है। विगत दिनों महापौर अल्का बाघमार ने निरिक्षण कर दुकानों को एक सप्ताह के अंदर शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए थे। लेकिन एक महिना बीतने को हैं।

### जर्जर घोषित



मटन और मछली बाजार में स्थापित दुकानों को जर्जर घोषित कर दिया गया हैं। यहां आम लोगों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। इसके बाद भी दुकान लगाने पर विक्रेताओं की जिम्मेदारी होगी।

**-अल्का बाघमार,** महापौर नगरनिगम दुर्ग

# आरसी और आधार भेजने पर जुड़ जाएंगे मोबाइल नंबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के पहले आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट करना अनिवार्य हैं। इसके लिए विभाग द्वारा वाट्सअप नंबर जारी किया गया है। जिसमें आरसी और आधार कार्ड भेजकर वर्तमान में संचालित मोबाइल नंबर लिंक करा सकेगें।

- विभाग ने जारी किया वाट्सअप नंबर

केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम-1989 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, साथ ही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य किया गया है।

इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर का अपडेट किया जाना भी आवश्यक है, जिससे उन्हें संबंधित जानकारी और अपडेट्स सीधे उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त हो सकें। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) दुर्ग द्वारा अब यह सेवा ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध कराई गई है। वाहन मालिक अब अपने आरसी कार्ड, आधार कार्ड एवं नया मोबाइल नंबर व्हाट्सएप के माध्यम से आरटीओ के संबंधित कर्मचारियों को भेजकर मोबाइल नंबर को अपडेट करवा सकते हैं।

### यहां भेज सकेंगे जानकारी

आरटीओ दुर्ग के अधिकृत कर्मचारी एवं उनके व्हाट्सएप नंबर जारी किए है। जिसमें 8109562811, 9302833719, 8602089599, 9285359915, 8305169850 आदि है। नवीन मोबाइल नंबर अपडेट होने के उपरांत वाहन मालिक अपने वाहन हेतु हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकेंगे।

# जिला चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे पर नर्सों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे के अवसर पर दुर्ग जिला अस्पताल में नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा नर्सों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमओ डॉ मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ हेमंत साहू, नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक और नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, और हरमन दुलई उपस्थित थे।

- नवदृष्टि फाउंडेशन ने किया सम्मानित

नर्सों को उनके अथक परिश्रम, रोगी देखभाल में समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन नर्सों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास था।



सम्मानित नर्सों में श्रीमती चित्ररेखा वासनिक, श्रीमती मंजू रॉय, देव जानिक शिवारे, गिरजा बारले,रिंकी गुप्ता, तरुणा रावत, उषा गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ मनोज दानी ने कहा नर्से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और करुणा के बिना अस्पतालों का संचालन संभव नहीं है। आज का दिन उनके सम्मान और प्रोत्साहन का दिन है। सिविल सर्जन डॉण हेमंत साहू, संस्था के कुलवंत भाटिया ने भी संबोधित किया।

नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक ने संचालन किया मौके पर अनिल बल्लेवार, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय आदि उपस्थित थे।

# पानी बचाने चलाई जाएगी मुहिम, बैठक में दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर परिषद के महत्वपूर्ण विभाग में से एक जल गृह विभाग की सलाहकार समिति की पहली बैठक विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शहर में अमृत मिशन के तहत लगाए गए नल कनेक्शन को कई घरों में नागरिकों द्वारा बगैर टोटी के खुले छोड़ने के कारण पानी व्यर्थ बहने की शिकायत मिल रही है, जिसके चलते सप्लाई क्षेत्र के अंतिम छोर के अनेक घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नही पहुंच पाता। इसे देखते हुए आम लोगों को भीषण गर्मी में पानी की आवश्यकता व उपयोगिता का महत्व बताने पानी बचाओ मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गर्मी के दिनों में बोर व हैंडपंपों के वाटर लेबल गिरने वाले स्थानों को चिन्हित कर बोरिंग के पास शोक पीट बनाकर धोने मांजने के दौरान बहने वाले अनुपयोगी पानी की हार्वेस्टिंग करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि उक्त हैंड पंपों को रिचार्ज किया जा सके। विभागीय समिति की बैठक में सदस्यों ने पानी की व्यवस्था के संबंध में सुझाव भी दिए। जल विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि पानी बचाने की जिम्मेदारी सभी की है और इसमें केवल लोगों की जागरूकता ही महत्वपूर्ण है। आज भूगर्भ में गिर रहे हैं जल स्तर को भी ठीक करने घर घर हार्वेस्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया। है।



# सिविल लाइन में बनेगा आवासीय और व्यावसायिक काम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सिविल लाइन स्थित शासकीय कर्मचारियों को अब नया आवास मिलेगा विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर जर्ज़र आवासो को फ्लैट की तर्ज पर नया बनाया जाएगा। कसारीडीह क्षेत्र को विकसित करने 10 एकड़ जमीन पर आवासीय सह व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जायेगा।

इससे संबंधित पहलुओं को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव के साथ गृह निर्माण मंडल की टीम ने पूरे 13 एकड़ क्षेत्र में उद्यान और चौड़ी सड़क के साथ सुविधाओ का विस्तार करने निरिक्षण किये। पीडब्लूडी और एरिगेशन के जर्जर क्वार्टरों के तस्वीर बदल जाएगी, 13 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से गृह निर्माण मंडल दुर्ग द्वारा 300 करोड़ की राशि का प्लान तैयार किया गया है। जिसका कलेक्टर से अनुमोदन पश्चात शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा।



अभी 140 क्वाटर इस क्षेत्र में है जहाँ शासकीय कर्मचारी के परिवार निवास करते है और सभी आवास जर्जर अवस्था में है, जिसे डिस्मेंटल करके साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में फ्लैटनुमा नए क्वार्टरों का निर्माण किया जायेगा। जिसे शासकीय कर्मचारियों को एलॉट होगा।

### परिजन को मिली 4 लाख रुपए की सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंगोरी खार जिला दुर्ग निवासी पीलूराम यादव की विगत 7 अक्टूबर 2023 को गाय चराते समय जहरीले सांप के काट लेने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. पीलूराम यादव के पिता दानीराम यादव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# सड़क हादसे में घायलों को तहसीलदार ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजेंद्र पार्क हाइवे में मंगलवार को दोपहर कार और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। स्कूट सवार को बचाने के चक्कर में कार सवार डॉ अपूर्वा वशिष्ठ बुरी तरह से घायल हो गई। वहीं स्कूटी सवार भी घायल हो गया। इसी दौरान सुशासन तिहार शिविर से वापस लौट रहे तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपनी गाड़ी रुकवाकर गंभीर रूप से घायल डॉ अपूर्वा वशिष्ठ को बिना देरी किए अपने वाहन में बिठाकर जिला अस्पताल दुर्ग लाए और चिकित्सा उपचार प्रारंभ करवाए। घायल ने बताया कि, वह खुद डॉक्टर है और पीजी कर रही है। घटना लगभग 5 बजे के आसपास की है। दुर्ग में यह दूसरी ऐसी घटना है, जिसमें तहसीलदार ने घायलों को अपने वाहन में बिठाकर जिला अस्पताल भर्ती कराया है।






**खबर संक्षेप**

## वार्डों का निरीक्षण,सीएमओ ने लगाई फटकार



**भिलाई।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल की सीएमओ सीमा बख्शी ने वार्डों का निरीक्षण किया। वार्ड 13 में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए फील्ड सुपरवाइजरों को सख्त हिदायत दिया। सफाई कर्मी समय पर कार्य स्थल में पहुंचे एवं निर्धारित समय तक कार्य करें। बीच में ही कार्य छोड़कर समय पूर्व गायब रहने वाले का वेतन काटने एवं कार्य से हटाने की चेतावनी दिया गया। वार्ड 9 एवं 10 में भी दौरा किया गया जहां आधे अधूरे कार्य देखकर नाराजगी जताई। सीएमओ अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया गया। सीएमओ सीमा बख्शी ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए वार्ड 16, 17 एवं 18 के पेयजल आपूर्ति को लेकर जानकारी लिया। वार्ड 18 में नाला निर्माण का भी निरीक्षण किया है। वार्ड में पंप ऑपरेटरों को जमकर फटकार लगाई। कार्य में लापरवाही करने वाले पंप ऑपरेटरों के ऊपर कार्यवाही करने, नोटिस देने का निर्देश दिया। सीएमओ बख्शी ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दिया कि पेयजल आपूर्ति में शिकायत मिलने पर ऊपर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाई की जाएगी। तुरंत पानी, बिजली, सफाई कार्यों का निराकरण करें।

### करोड़ों की पानी टंकी का गुणवत्ताविहीन निर्माण

# पेयजल की समस्या को दूर करने चार वर्षों से बनी पानी टंकी हुई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत ओटेबंद में जल जीवन मिशन स्वीकृत कार्य पानी टंकी निर्माण पिछले चार वर्षो से अधूरा पड़ा है। जिससे गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं कराया गया है। यह पानी टंकी की पानी से ग्राम के प्रत्येक घरों तक पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा सकेगा लेकिन जिस तरीके से निर्माण कार्य हुआ है। उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यह योजना भी नागरिकों को लाभ देने के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी क्योंकि उक्त निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही। सामग्रियों का गुणवत्ताहीन होने के साथ-साथ अन्य कार्यों जैसे पाइप बिछाने के लिए की गई खुदाई की गहराई कनेक्शन आवंटन करने के स्थान में भिन्नता होना, एस्टीमेट में दर्शाए गए अनुसार ट्यूबवेल की गहराई को ना होना आदि ऐसे अनेकों कारण हैं जो इस योजना के असफल होने की पूर्ण रूप से जिम्मेदार कारक साबित हो सकते हैं। यूं तो घर-घर तक पीने योग्य पानी पहुंचाने के लिए बने इस महत्वकांक्षी योजना के लिए निर्माण कार्य को दो अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया है जिसमें पहला पानी टंकी के लिये ढांचा तैयार करना जबकि दूसरा प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने का है लेकिन कार्यस्थल पर कुछ और ही दिखाई देता है। अधिक लाभ के चक्कर में कार्यरत मजदूर लापरवाहीपूर्वक जल्दबाजी में पूरा किये है जिससे सभी निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन है।

**जल जीवन मिशन भी चढ़ा कमीशन की भेंट**



**विभाग नहीं दे रहा ध्यान**



ग्राम पंचायत ओटेबंद अंतर्गत जल जीवन मिशन स्वीकृत कार्य पानी टंकी निर्माण बीते चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। टंकी निर्माण का जो कार्य हुआ है वे भी आधा गुणवत्ताहीन है। पानी का तराई भी नहीं हुआ है। टंकी की स्थिति भी ठीक नहीं है कभी भी दुर्घटना ग्रस्त हो सकता है। निर्माण कार्य का बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है वहीं संबंधित विभाग ध्यान ठीक ढंग से नहीं दे रहा है जो जांच का विषय है।

**जीवन लाल साहू,** सरपंच ग्राम पंचायत ओटेबंद

# साहू समाज मजबूत होकर आगे बढ़ रहा, जिसका सहयोग सदैव पार्टी को मिलता रहा है: सांसद विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

परिक्षेत्रीय साहू संघ एवं स्थानीय साहू समाज तेलीगुंडरा के द्वारा ग्राम तेलीगुण्डरा में सांसद निधि एवं सामाजिक निधि से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल रहे, साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अध्यक्षता दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन ने की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डूलेश्वर साहू ने दिया। साथ ही अपने पूरे पदाधिकारियों की टीम मेहनत और सेवा भाव लगन से किये कार्यों का बखान किये। जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि अभी कुछ दिनों में पदाधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया होने वाली है, जिसमें निर्विरोध चुनाव हो इस दिशा में पहल करना है।

आगे तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने नवनिर्मित भवन लोकार्पण और सम्मान कार्यक्रम के आयोजन के लिये बधाई दिया साथ ही समाज और सांसद निधि से निर्माण हुए कक्ष के विषय में सभी को जानकारी दिया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी की आशीर्वाद मुझपर बनी रहे और मैं विकास कार्य के लिए सदैव प्रयास करूंगी चूंकि निधि सीमित रहती है, फिर भी निधि से या विधि से पूरा करने का प्रयास करूंगी। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह का जन्म हुआ उन्हें प्रणाम करता हूं। साहू समाज विशाल समाज है और साहू समाज का सहयोग सदैव मिलता रहा है।

■ परिक्षेत्रीय साहू संघ तेलीगुंडरा के निर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद बघेल

आगे बघेल ने कहा कि भवन के निर्माण के बाद समाज के गतिविधियां मिलती है। समाज के सहयोग तथा मेरे सांसद निधि की राशि लगी है। साहू समाज की कैसी कल्पना की होगी, पहले के लोग समाज को संगठित करने जहां चौक-चौराहों में बैठकर मन के भाव रखते थे। आज बढ़िया भवन निर्माण होकर तैयार है। साहू समाज मजबूत होकर समाज आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन युमन साहू तथा आभार गरीब दास साहू ने किया।

कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों का सम्मान और सभी 22 इकाई के अध्यक्षों का श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और गमछा से सम्मान किया।

इस अवसर पर रविशंकर साहू, गंगादीन साहू , हरिशंकर साहू, कल्याण साहू, श्याम लाल साहू, यशवंत साहू, चांदनी साहू, कमलेश्वरी साहू, डॉ. सुरेश साहू, अमित हिरवानी, बाबा वर्मा, कैलाश साहू, राहुल साहू, मनोज साहू, भुवन साहू, दादू राम साहू, बिरेन्द्र साहू, दुलेशवरी साहू, महेश साहू, थानसिंग साहू, प्रेमलाल, भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

# विद्यादीप पब्लिक स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में विद्या दीप पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम कुम्हारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा फाल्गुनी साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 94.17 प्रतिशत के साथ शीतल वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षा साहू ने 92.20 प्रतिशत, हुलेश सिन्हा ने 90.83, पुष्पेंद्र लहरे ने 89.17, सिद्धांत सोनकर ने 87, विधि सोनकर 84.17 प्रतिशत,आयुष सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 15 छात्र छात्राओं में 13 छात्र-छात्रा 70 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय जीव विज्ञान से तृप्ति शुक्ला ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेघा देवांगन ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियंका साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ किरण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल साहू 79 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा एवं करण यादव 78.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नैंसी शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 86 प्रतिशत अंकों के साथ दिशा साहू ने दूसरा स्थान एवं 84 प्रतिशत के साथ शौर्य बंछोर अपनी संकाय

**बिजनेस साइट**

## नस में छिपा था विस्फोट: टेनिस बॉल जैसी सूजन का सफल ऑपरेशन आरोग्यम में



भिलाई। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में एन्यूरिज्म और क्रोनिक किडनी डिज़ीज़ से पीड़ित एक मरीज की जटिल वेस्कुलर सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। यह एक उच्च जोखिम वाली स्थिति थी, जिसमें नस के फटने का गंभीर खतरा था, और साथ ही मरीज की किडनी पहले से ही कमजोर थी। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ वेस्कुलर सर्जन डॉ. कुंवर सिद्धार्थ ने किया। मरीज की नस में टेनिस बॉल के आकार की असामान्य सूजन थी, जिसे मेडिकल भाषा में एन्यूरिज्म कहा जाता है। सीकेडी की स्थिति के कारण उसकी शारीरिक सहनशक्ति पहले से ही कम थी, जिससे यह केस और जटिल हो गया था। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया, एन्यूरिज्म का आकार बड़ा था और यह आसपास की नसों व टिशूज़ पर दबाव बना रहा था। सीकेडी मरीज होने के कारण ब्लड प्रेशर और सर्जरी के बाद रिकवरी को लेकर अतिरिक्त सतर्कता जरूरी थी। हमने माइक्रो-टेक्निक की मदद से सर्जरी की, जिससे नस सुरक्षित रही और ब्लड फ्लो नियंत्रित किया जा सका। सर्जरी के बाद मरीज की हालत अब स्थिर है और वह डॉक्टरी निगरानी में है। परिजनों ने भावुक होकर कहा, ₹यह सर्जरी हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं थी। आरोग्यम ने हमें नया जीवन दिया है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल लगातार जटिल और उच्च जोखिम वाले मामलों में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर रहा है। यह उपलब्धि उसके गहन अनुभव, तकनीकी दक्षता और सेवाभाव का प्रतीक है।

## कॉमर्स व डिजिटल अकाउंटिंग हम सभी के दैनिक जीवन का हिस्सा बना



**भिलाई।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में ई-कॉमर्स एंड डिजिटल अकाउंटिंग इन द ऐज ऑफ आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप रजिस्ट्रार, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, मुख्य वक्ता डॉक्टर तापेश चंद्र गुप्ता प्रिंसिपल/एडिशनल डायरेक्टर गवर्नमेंट जे. योगानंद छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर सम्मिलित हुए। वक्ता सीए राहुल बत्रा इमीडिएट पास्ट चेयरमैन आईसीएआई भिलाई एवं डॉक्टर सुमित अग्रवाल असिस्टेंट डायरेक्टर हायर एजुकेशन रीजनल ऑफिस दुर्ग छत्तीसगढ़ सम्मिलित हुए। वर्तमान परिदृश्य में ई-कॉमर्स एवं डिजिटल अकाउंटिंग हम सभी के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है जिसका उपयोग छोटी-मोटी खरीदारी से लेकर बड़े-बड़े बैंक ट्रांजेक्शन तक किया जाता है और एआई के उपयोग से इसकी सुगमता और व्यापकता और बढ़ती जा रही है। अपनी कार्य दक्षता को बढ़ाने के लिए इसका संतुलित उपयोग एवं साथ में आने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए इसकी जानकारी एवं निपुणता आवश्यक होती जा रही है, जिसके अभाव में वर्तमान समय के प्रतियोगी माहौल में सफल होना कठिन जान पड़ता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा इस नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थी शिक्षक एवं रिसर्च स्कॉलर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप ने विद्यार्थियों को एआई से होने वाले फायदों के संबंध में जानकारी दी तथा बतलाया की कैसे एआई का प्रयोग कर अपनी रचनात्मकता को निखारा जा सकता है। किस प्रकार एआई लेखन, कंटेंट क्रिएशन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में सहायक हो सकता है। मुख्य वक्ता डॉक्टर तापेश चंद्र गुप्ता ने डिजिटल ट्रांजेक्शन और ई बैंकिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जिसमें उन्होंने डिजिटल ट्रांजेक्शन से होने वाले फायदे तथा डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से होने वाले अपराधों के संबंध में अवगत कराया उन्होंने बड़े विस्तार से डिजिटल ट्रांजेक्शन करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। सीए राहुल बत्रा ने जीएसटी एवं एक्साइज ड्यूटी के साथ-साथ एआई के संबंध में छात्रों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सभी क्षेत्रों में एआई का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है और यह किस प्रकार कार्य को आसानी और दक्षतापूर्ण तरीके से करने में सहायक होता है, कैसे एआई कॉमर्स और एकाउंटिंग के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन ला रहा है इसके साथ-साथ उन्होंने कई एआई टूल्स जैसे चैट जीपीटी के संबंध में जानकारी दी जिसका उपयोग कर हम कार्यो को अधिक दक्षता पूर्ण तरीके से संपन्न कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों ने इन सभी विषयों पर रुचि दिखाते हुए तन्मयता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा समय-समय पर वक्ताओं से प्रश्न कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के समापन पर शैलदेवी महाविद्यालय के डॉयरेक्टर राजन कुमार दुबे ने सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट किया तथा आयोजकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

# जनता को समर्पित है समाधान शिविर, सीधा जनता को मिल रहा है लाभ: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिसाली नगर निगम अंतर्गत मां कल्याणी शीतला मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुआ। यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विधायक ललित ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जन संवाद को मजबूत करना है। हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा जनता के दुख दर्द को कम करने जनता तक पहुंचने को कहते हैं।

आगे उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी ऊर्जा, प्रतिबद्धता और विनम्रता के साथ लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें और अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। आगे चंद्राकर ने कहा किसी भी काम को लेकर अधिकारी कर्मचारी आम जनता को बार बार घूमते है तो शिकायत करे तुरंत कार्यवाही होगा। साथ ही इस सुशासन तिहार समाधान शिविर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा के हाथों से गंगा शर्मा, सौहद्रा यादव, यशोदा पटेल गर्भवती महिलाओं गोदभराई रस्म के तहत पौष्टिक कीट व ज्योति यादव, विनय साहू,उमेश्वरी छोटी बच्ची को सुपोषण टोकरी प्रदान किया गया। दो हितग्राहियों को तुरंत लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया।



■ विधायक चंद्राकर द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई व कुपोषित बच्चों को सुपोषण टोकरी प्रदान किया गया

इस अवसर पर रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, कमीश्नर मोनिका वर्मा, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, मरोदा -पुरैना मंडल अध्यक्ष राजु जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विधि यादव, एमआईसी जहिर अब्बास, एमआईसी अनिल देशमुख, पार्षद ईश्वरी साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, पार्षद सोनिया देवांगन, पार्षद सरिता देवांगन, राजु राम, नरेन्द्र निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# रंजिश के चलते घर के सामने मुर्गा-सिंदूर, नींबू फेका, माहभर बाद गिरफ्तार



**भिलाई।** घर के सामने मुर्गा, चूड़ी-सिंदूर और कटे नींबू फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना माह भर पहले छावनी थाना क्षेत्र में हुआ था। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप 1 निवासी एस नरेश के घर के सामने आरोपी जे कुमार ने मुर्गे की बलि चढ़ाकर फेंका था। आरोपी ने पड़ोस के दूसरे घर में दरवाजे के नीचे पेट्रोल डालकर आग भी लगा दी थी। आरोपी का हरकत सीसी कैमरे में कैद हुआ था। आरोपी शहर के नामी गुंडों साथ रहता है। उसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम देना बताया गया है। आरोपी फरारी के दौरान सेक्टर 9 में एक खंडहरनुमा मकान में कब्जा करके छिपा हुआ था। वारदात के बाद आरोपी जे कुमार ने एस बालाराजू और उसके भाई को पुरानी दुश्मनी के चलते फोन पर धमकी दी। उसने कहा कि अभी तुम्हारे घर में जादू टोना किया हूं। छावनी टीआई मोनिका पांडेय ने शिकायत के बाद आरोपी का लोकेशन ट्रेस कराया और टीम भेजकर उसे गिरफ्तार किया।

## चोरी करने वाले युवक व अपचारी बालक पकड़ाए

**भिलाई।** भय डालकर चोरी करने वाले तीन युवक और एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि अब्दुल कादिर ने शिकायत किया है कि अनिकेत अपनी बाइक सीजी 07 एल जेड 7533 को सर्विसिंग कराने पहुंचा था। सर्विसिंग कराते समय चार युवक पहुंचे, जिसमें पुस्कर जांगडे, अमन शाह, सागर शर्मा, एक अपचारी बालक है। पीड़ित को यहां बाइक कौन छोड़ा है कहते हुए भय दिखाकर चोरी करने की तैयारी के साथ उसके साथ गाली गलौत करने लगे। मारपीट कर उक्त बाइक को चोरी कर आरोपी लेकर फरार हो गए। शिकायत सुपेला पुलिस से करने पर जांच में लिया गया। आरोपियों की पतासाजी के दौरान सूचना मिली कि युवकों द्वारा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपियों ने उक्त बाइक को चोरी करना स्वीकार किया। कार्रवाई में सुपेला टीआई विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# प्रवर्तन टीम ने भिलाई नगर बस्ती से हटाए चार सौ अवैध बिजली कनेक्शन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र, नगर सेवाएं, इनफ़ोर्समेंट विभाग तथा टाउन एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती से 4 सौ अवैध कनेक्शन तीन मैन लाइन से काटे गए। कार्रवाई के दौरान दौरान अवैध बस्ती वालों द्वारा इक्ठा होकर विवाद और रोड जाम करने की कोशिश की गयी। पुलिस की सख्त समझाइश से लोग शांत हुए। संपदा न्यायालय के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में बस्ती के 400 अवैध कटिये/ कनेक्शन काटे गए। साथ ही दो हजार मीटर तार जप्त किया गये। अवैध कब्जेधारियों द्वारा खतरनाक तरीके से सप्लाई लिया गया था, जिस से कभी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था। अवैध कनेक्शन केबल को रोड क्रॉस कर के ले जाया गया था, गिरने पर राहगीर की भी मौत या अनहोनी हो सकती थी। दलालों द्वारा भी कई लोगों को अवैध कनेक्शन दे कर वसूली की जाती है। बेदखली कार्रवाई का कब्जाधारियों ने विरोध किया जिसे कोतवाली थाना के टीईआई प्रशांत मिश्रा ने समझाइश देकर नाकाम कराया। कब्जेधारिओ के विरुद्ध बिजलीचोरी करने के लिए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में पीएचडी विभाग व पुलिस बाल के साथ विभागीय कर्मियों अधिकारियो की टीम शामिल थी।

**बिजनेस साइट**

# क्वालिटी निवेश के महत्व को समझना जरूरी

**भिलाई।** ग्राहक के रूप में हमारे खरीद संबंधी फैसला, चाहे हम टीवी खरीद रहे हों या टाई, सहज रूप से क्वालिटी और कीमत को अपनी मर्जी या पसंद के स्तर पर लाने के लिए प्रयास करते हैं। इस तर्कसंगत दृष्टिकोण ने हमारी अच्छी मदद की है। तो क्यों न हम अपने निवेशों में भी क्वालिटी पर ही ध्यान दें? डेटा बताता है कि हाई क्वालिटी वाले बिजनेसेज में निवेश करने से बेहतर लॉन्गटर्म परिणाम मिल सकते हैं। अप्रैल 2005 से मार्च 2025 के बीच वार्षिक आधार पर निफ्टी 200 क्वालिटी 30 टोटल रिटर्न इंडेक्स ने निफ्टी 200 टोटल रिटर्न इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है।



**अनिल कुमार मस्की**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

क्वालिटी निवेश में ऐसे बिजनेसेज में निवेश करना शामिल है, जो अपनी इंडस्ट्री पर हावी होने वाले सस्टेनेबल प्रतिस्पर्धी मोट्स के साथ हैं। ये बिजनेस में प्रवेश की बाधाओं, मजबूत ब्रांड इमेज, बड़े ग्राहक आधार, कम लागत, प्रोडक्ट एक्सीलेंसी, मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क आदि के आधार पर लंबी अवधि के लिए औसत से अधिक दरों पर बढ़ते हैं। उनके पास मजबूत आय और स्थिर बैलेंस शीट का लगातार सफलता भरा ट्रैक रिकॉर्ड है। जब इन बिजनेसेज को सही कीमतों पर खरीदा जाता है, तो परिणाम फायदेमंद हो सकते हैं।

महामारी के बाद जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं वापस लौटीं, हमने शेयर बाजार में एक व्यापक तेजी देखी। लेकिन इक्विटी बाजार अब राहत की सांस ले रहे हैं। टैरिफ, जियो- पॉलिटिकल तनाव और घरेलू आर्थिक गति में नरमी के कारण अनिश्चितता के कारण ग्रोथ पर दबाव कम हो रहा है और संभावना है कि व्यापक बाजार आगे भी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे। ऐसे माहौल में, क्वालिटी एक स्टाइल के रूप में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है क्योंकि हाई क्वालिटी वाले बिजनेस मार्केट में गिरावट के समय अधिक मजबूत होते हैं।

साथ ही, चूंकि क्वालिटी थीम ने पिछले कुछ वर्षों में अन्य थीम और व्यापक बाजारों की तुलना में खराब प्रदर्शन किया है, इसलिए इस थीम में बिजनेस वर्तमान में आकर्षक वैल्यूएशन पर उपलब्ध हैं।

आर्थिक तौर पर प्रतिकूल माहौल और उचित वैल्यूएशन का यह मिक्स अब क्वालिटी में एक थीम के रूप में निवेश करने का एक उपयुक्त समय बनाता है।

इस रेफरेंस में, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नई ऑफर - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल क्वालिटी फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, जो क्वालिटी फैक्टर पर केंद्रित एक ओपन-एंडेड इक्विटी प्लान है। यह फंड फंडामेंटली तौर पर मजबूत कंपनियों में निवेश करके लॉन्गटर्म ग्रोथ प्रदान करना चाहता है जो उचित वैल्यूएशन सुनिश्चित करते हुए हाई रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) और रिटर्न ऑन इनवेस्टेड कैपिटल (आरओआईसी) पर रिटर्न, कम फाइनेंशियल लीवरेज, मजबूत कैश फ्लो और अच्छा कैपिटल एलोकेशन प्रदर्शित करते हैं। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 6 मई, 2025 से 20 मई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा।

## विवाद के बाद चाकू से हमला, आरोपी पकड़ में

**भिलाई।** विवाद के बाद प्राणघातक हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि तालपुरी निवासी साहिल हाउसिग बोर्ड कुलदीप उर्फ राहुल के साथ उसके घर के पास बैठकर शराब पीने पर रहे थे। कुलदीप उर्फ राहुल के जीजा को काला बोलने की बात पर वाद विवाद हुआ। कुलदीप ने चाकू से साहिल पर प्राणघातक हमला कर दिया।



## हर्ष का माहौल : सीबीएसई 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का स्कूलों में उम्दा प्रदर्शन

# एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*सीबीएसई बारहवीं-दसवीं बोर्ड में ट्विनसिटी के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। सीबीएसई पेटर्न के निजी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों ने अपने स्कूलों में अच्छे अंक प्राप्त करते हुए न केवल स्कूल का बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। दोनों ही बोर्ड में ज्यादा स्कूलों का रिजल्ट 95 से 100 फीसदी रहा है। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से स्कूलों में जश्न का माहौल है। स्कूल प्रबंधकों, संचालकों व शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देने का दौर भी चल रहा है।*

### दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के छात्रों ने कक्षा दसवीं में परचम लहराया



दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2024–25 के छात्रें ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर अपना लोहा मनवाया। विद्यालय में कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा । विद्यालय में कुल 232विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 192छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 32 छात्रों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए । 55 छात्रों ने 80 से 90 अधिक अंक प्राप्त किया । 31 छात्रों ने 75 से 80 अंक प्राप्त किया तथा 74 छात्रों ने 60 से 75 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया । विद्यालय में छात्र सौमी पाल ने 98.2 प्रतिशत अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव अग्रवाल ने 97.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कृषा सिंह ने 97.0 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिसमें सौमी पाल 98.2, आयशा फारूकी 92.2, गौरव अग्रवाल 97.6, मानया बुचसिया 92.0, कृषा सिंह 97.0, अक्षरा मेश्राम 91.6, समृद्धि राय 95.0, भाविका सिंह 91.4, पी श्रीचरण 94.8, ग्रेसी दामले 91.0, लब्धि जैन 94.2, वंशिका लेखवानी 90.8, अनवी सॉयलस 94.2, प्रणाया कुमावत 90.6, अर्जीत भट्ट 94.0, वैष्णवी पटेल 90.6, वृंदा साव 93.6, हर्षि पिलोडिया 90.4, भीमिका गौरव 93.4, दर्श भट्ट 90.4, गुन अग्रवाल 93.2, अपाराजिता सिंह 90.2, राघव अग्रवाल 93.0, अपूर्वा चंद्राकर 90.2, अदिति गोदरा 93.0, भव्या देवांगन 90.0, अमृता भारती 92.6, कृष्णा भारद्वाज 90.0, परम टौंक 92.4, अयान त्रिपाटी 90.0, अनवेशा चंद्राकर 92.4, आदया श्रीवास्तव 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग बारहवीं के परीक्षा परिणाम



दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता को कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम द्वारा प्रस्तुत की। विद्यालय में कुल 237 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें विद्यालय में 23 छात्रों ने 90 प्रतिशत तथा 65 छात्र ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक प्राप्त किया । इसमें विज्ञान संकाय में 114 विद्यार्थी, वाणिज्य संकाय में 92 तथा कला संकाय में 31 के विद्यार्थी शामिल थे। विद्यालय में कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से आरोही शुक्ला ने 96.2 प्रतिशत अधिकतम अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर कला संकाय से एम टीमुरनमयी ने 95.4 प्रतिशत अधिकतम अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर विज्ञानस काय से सृजनीरक्षित ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में केएच मेमोरियल के स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा



सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार, 13 मई को 10 वीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित किया। केएच मेमोरियल स्कूल के स्टूडेंट्स ने फिर एक बार जबरदस्त सफलता प्राप्त की है। यहां के 100% स्टूडेंट्स परीक्षा में सफल हुए हैं। कक्षा 12वीं में 15 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किया है। साईंस ग्रुप में हर्ष लोधी, आदिल देवांगन, प्रिंस साव, शुभम यादव, अभिषेक मोटिया, अर्पित राजपूत, अमनपति, सलोनी गुप्ता,बायो ग्रुप में स्वाति साहू, अंजली मोर्या, शबा अफरीन, समीर रजत, गीतिका सोनी और कामर्स ग्रुप में आस्था कुमारी, आयुष सिंह, अदिति मांझी, नीतीश अग्रवाल, के. किरण और टी. रोशनी ने सफलता प्राप्त की है। इसी तरह कक्षा दसवीं के स्टूडेंट्स कृष गोयल, प्रगति राय, उपासना सोनी, अमन राज, आदित्य सिंह, निधि, दीप्ति यादव, गीतिका, कुमकुम, लक्ष्य भास्कर और आर्शी ने 80% से ऊपर अंक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्टूडेंट्स की इस सफलता पर प्रिंसिपल विभा झा ने खुशी जताते हुए कहा कि स्टूडेंट्स ने अपना,अपने परिवार का और स्कूल का मान बढ़ाया है। स्टूडेंट्स की इस सफलता का श्रेय उन्होंने स्टूडेंट्स को उनकी मेहनत के साथ-साथ स्कूल की टीचर्स एवं पैरेंट्स को दिया।

### शकुंतला विद्यालय रामनगर भिलाई का परीक्षा परिणाम

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा 10) परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, रामनगर भिलाई ने हमेशा की तरह ''कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा'' के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाये रखा। 2024–25 में इस विद्यालय के कक्षा 10 में कुल 213 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं परीक्षा परिणाम 99.5ः रहा। मंयक कुमार ओझा ने 97.6ः प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान, ''वेता सिंह 95.4ः द्वितीय स्थान पर एवं साबिया परवीन 95ः के साथ तृतीय स्थान, अमृता साव 94ः चौथे स्थान पर, आंचल कुमारी साव 93.8ः पांचवे स्थान, राजवीर साव 93.4ः छठवे स्थान पर एवं तेजस्वी प्रसाद सिन्हा 92.8ः के साथ सातवे स्थान एवं सिद्धी बघेल 92.6ः, अनुराग साहू 92.6ः, कांचनमाला सिन्दे 92.4ः, पी.पूजिता 92.2ः, आर्दश कुमार सिंह 92ः, आयुष नागवंशी 91.6ः, चिफ हावजे 90.8ः, पंखुड़ी सिंह 90.2ः ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये । अग्रेजी में 98, हिन्दी में 97, गणित में 97, विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान 98, आर्टिफिशल इटेलीजेंट 100, आई.टी. 99, मार्केटिंग 99, उच्चतम अंक रहे।



### शकुंतला विद्यालय रामनगर भिलाई का 12 वीं परीक्षा परिणाम



शकुन्तला विद्यालय, रामनगर भिलाई ने हमेशा की तरह ''कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा'' के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाये रखा। 2024–25 में इस विद्यालय के कक्षा 12 में कुल 267 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं परीक्षा परिणाम 97.75ः रहा। अर्पित साहू ने 96.6ः प्राप्त कर (अंगेजी 99, अर्थशास्त्र 98, एकाउंटेसी 96, बिजनेस स्टडीज 95, पी.ई. 95) शाला में प्रथम स्थान, सृजन देवांगन 95.2ः द्वितीय स्थान पर एवं अदिती मिश्रा 94.4ः के साथ तृतीय स्थान, रोशन चौधरी 93.8ः चौथे स्थान पर, पाखी महे''वरी 93.2ः पांचवे स्थान, विद्या साव 91.4ः छठवे स्थान पर एवं मुस्कान साव 90.8ः के साथ सातवे स्थान पर रहें। अग्रेजी में 99, कम्प्युटर सांइस में 97, रसायन में 96, गणित में 90, भौतिकी में 87, पी.ई में 95, हिन्दी में 96, एवं जीवविज्ञान में 97 अंक, अर्थशास्त्र में 98, एकाउन्टस में 97 एवं बिजनेस स्टडी में 98 भूगोल 96, इतिहास 91, राजनीति शास्त्र 96 उच्चतम अंक रहे।

### इंदु आईटी स्कूल भिलाई का 100 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन



इंदुआईटी स्कूल भिलाई शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो लगातार सीमाओं को आगे बढ़ाता है और उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल करता है। समर्पण, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर आधारित एक मजबूत नींव के साथ, स्कूल ने हाल ही में कक्षा 10 और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणामों के साथ एक बार फिर अपनी पहचान बनाई है। असाधारण प्रदर्शन शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता और छात्रों और शिक्षकों दोनों के अथक प्रयासों का प्रमाण है। कक्षा 10 के प्रथम आदित्य सिंह, द्वितीय राजा मिश्रा, तृतीय अवनि देशमुख वहीं कक्षा 12 वीं में प्रथम पलक सोनी, द्वितीय हर्षित संघवी, तृतीय नितिका देवांगन, अर्जुन चौबे, साहिल नायक, बृजेश शाह, सुनयना यादव, उज़्मा रहमान, मानसी शर्मा रहे।

### शारदा विद्यालय रिसाली 12वीं का परीक्षा परिणाम



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शारदा विद्यालय, रिसाली ने हमेशा की तरह कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाए रखा। कक्षा बारहवीं से कुल 131 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। शाला का परीक्षा परिणाम 98.5 प्रतिशत के साथ बेहतरीन रहा। योगिता 97 प्रतिशत प्राप्त शाला में प्रथम स्थान , रिया कुर्रे 92.6 द्वितीय स्थान पर , तहज़ीब रजविया 90.6 तृतीय स्थान , आयशा इकबाल अंसारी 90.2 ,चतुर्थ स्थान स्थान पर रहें।

### शारदा विद्यालय रिसाली 10वीं का परीक्षा परिणाम



शारदा विद्यालय रिसाली ने हमेशा की तरह कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाए रखा। कक्षा दसवीं से कुल 127 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। शाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शौर्य कुमार साहू 97.6 प्रथम स्थान, अंकित देवांगन 97.2 द्वितीय स्थान, साजिना नवाज 96.8 तृतीय स्थान, अश्मिकी द्विवेदी 95 चतुर्थ स्थान, ए समृध्दि शर्मा 94 .6 पाँचवें स्थान, तेजस साहू 93.6 छठवें स्थान, भव्य देवांगन 93 सातवें स्थान, अनिश कुमार देवांगन, श्रेया महापात्र 92.8 आठवें स्थान, समीर पटेल 92 नौवें स्थान, शवांगी विश्वकर्मा 91.8 दसवें स्थान, प्राची जलक्षत्री 91.6 ग्यारहवें स्थान, दिव्यांश सिंह 91 बारहवें स्थान तथा दृष्टि देवांगन 90.6 के साथ तेरहवें स्थान पर रहीं।

### रूबीस फिजिक्स के स्टूडेंट्स का श्रेष्ठ प्रदर्शन



कक्षा 12 के 13 मई को घोषित परिणामों में रूबीस फिजिक्स की आयाती बिजौरिया 98% तथा सिमोन बगारिया ने 96.8% अंक प्राप्त कर संस्था तथा भिलाई का गौरव बढाया है। संस्था के 15 से अधिक स्टूडेंट्स ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर हमारी बेहतरीन स्टडीज को सिद्ध किया है। रूबीस फिजिक्स की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को दिल से मुबारकबाद।

### हेरीटेज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हेरीटेज स्कूल के विद्यार्थियों सीबीएसई 10वीं व 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये हैं। 10 वीं में निहाल सिंह राजपूत ने 95 प्रतिशत और अंकिता देवांगन ने 93 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12 वीं में तमन्ना पाहुजा 97 प्रतिशत और मिथलेश साहू 90 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

### एमवीएन 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-2025 में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। मोनिका साहू ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ट्विंकल मेरीहरे ने 95 द्वितीय और कुमरानी साहू ने 94 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अनिर्बान मुखर्जी ने 92, प्रांजल राजेश वाहिले ने 92, भविष्य वर्मा ने 90.4, सृष्टि प्रधान ने 90, माहि चंद्रा ने 89.2, सुभाना सदफ ने 89, रोहन साहू ने 89, सुनिधि चौहान ने 88, जिया चंद्राकर ने 86.2, श्रेया पॉल ने 86, पलक कुमारी गिरी ने 86, मोहम्मद अबू फरहान खान ने 84 और मोहम्मद अबू फैजान खान ने 84 अंक प्राप्त किये ।इसके अतिरिक्त, 16 छात्रों ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की है,और विद्यालय का नाम गौरान्वित किया है। विद्यालय ने यह प्रशंसनीय परिणाम छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन के संयुक्त प्रयासों से प्राप्त किए हैं। मेका की अध्यक्ष के. राजम सुधाकरन, निदेशक एस. सजीव और एस. साजन, निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. सजीथा थंबी, उप-प्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापक निशि साजन ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दीं।



### एमवीएन 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है और विद्यालय का नाम रोशन किया है। हर्षिता श्रीवास्तव ने 88.8%, अयान काशिफ ने 88.2%, चंचल यादव ने 87.8%, अदिति कुमारी ने 87.6%, प्रणव कुमार वर्मा ने 86%, रिया यादव ने 85.6%, दीपक कुमार ने 85.2%, अदिति ने 85%, टीना साहू और मोनिशा ने 84.6% अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की है।

### श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 का 12वीं परीक्षा परिणाम



श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वी में एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित कर दी है। कक्षा 12 वी के वाणिज्य संकाय में समृद्धि बैनर्जी ने 96% लेकर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई। जी.एम.एल.एन.वी.साईं सौम्या ने 95.2% लेकर द्वितीय तथा पी.देवाशीष ने 95%लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पी. देवाशीष ने बिजनस स्टडी में पूरे 100 अंक प्राप्त किये। गणित संकाय में निखिल गवेल ने 91.6% प्राप्त कर प्रथम स्थान,अनुपम सिंह और अयान ताम्रकार ने 91.4 प्राप्त कर द्वितीय और आयुष दुबे ने 90.2% लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में ऐश्वर्या शर्मा ने 92.6% प्राप्त कर प्रथम , रुचिका मिश्रा ने 88.8% प्राप्त कर द्वितीय और आर्यन ताम्रकार ने 88.2% लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञानं में अक्षय वर्मा ने पूरे 100 अंक प्राप्त किये। आई.पी.में समृद्धि बैनर्जी, पी.देवाशीष, निखिल गवेल,अयान ताम्रकार और रिया देवांगन ने पूरे100 अंक प्राप्त किये।

### गोल इंस्टीट्यूट का 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



सीबीएसई 12वीं परीक्षा का रिजल्ट 13 मई को घोषित किया गया गोल इंस्टीट्यूट के फाउन्डेशन वैच 12वीं के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है, इस वर्ष संस्थान के सभी छात्रों 12वी परीक्षा में सफल रहे, जिनमें रूचिका 90.86 प्रतिशत, भूमिका 87.8, अदिति 86.89 प्रतिशत। निश्चयदास 75.4, वंदना 73.8 प्रतिशत, तनीषा 71. 84 प्रतिशत अनवेशा 71.6 प्रतिशत, अग्नीवेश 70.2 प्रतिशत, अदिति बघेल 69.6 प्रतिशत, देशिका 63. 6 प्रतिशत, कोचना 62.8 प्रतिशत, धान्या 60.2 प्रतिशत लाकर संस्थान सूर्व अपने माता-पिता के गौरव को बढ़ाया है, संस्थान के डायरेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि 11वी एवं 12वी के छात्रों के लिए हमारी स्पेशल फैकल्टी टीम होने की वजह से एवं संस्थान द्वारा बीच-2 में ऑल इंडिया भी खेस्ट सब्जेक्टीव टेस्ट और सही मार्गदर्शन में रहकर तैयारी की, आडी नीट का रिजल्ट आने वाला है, कुन उसमें भी इन छात्रों का शानदार प्रदर्शन होने वाला है। सभी छात्रों की संस्थान की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ। आगे बताते हुए उन्होंने कहाँ न्यू वैच 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर भी प्रवेश प्रारम्भ है।

### प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत के ऊपर अंक



माइलस्टोन के 12वीं में शाला के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थ - अविशा जैन और दिव्यांश यादव ने 96.2% लाकर शाला का नाम रोशन किया। हर्षिता कापरे ने बिना किसी कोचिंग के 98 प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया एवं मुख्य विषयों में 94.25 % प्राप्त किया। नीतीश देशलहरा ने 100 अंक प्राप्त किए। बीएस में 18 विद्यार्थियों ने 90%, निधि अग्रवाल ने योगा में 99, 90%, अविशा जैन ने 99 अंक प्राप्त किए। इको में 16 विद्यार्थियों ने 90% प्राप्त किए। सैमरीन ने 98 अंक प्राप्त किए। इंग्लिश में 34 विद्यार्थियों ने 90% प्राप्त किए। जिज्ञासा साहू ने 98 अंक प्राप्त किए। राशि सोनी ने 98 अंक प्राप्त किए। हर्षिता कापरे ने 98 अंक प्राप्त किए। अविशा जैन 97 अंक प्राप्त किए। अविशा जैन ने 97 अंक प्राप्त किए।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301







# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129



02



रिसर्च एक्सीलेंस रेयर अवॉर्ड में फैकल्टी को मिले 20 लाख रुपए के पुरस्कार


## लाइव इवेंट

### आवासों के आवंटन के लिए मिले प्रमाणपत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



**भिलाई।** ग्राम पथरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाणपत्र और चाबी का वितरण किया गया। इस दौरान पथरिया स, पिटोरा, नंदनी खुदनी, पोटिया मेडेसरा के हितग्राही को आवास आवंटित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष धमधा के अध्यक्ष लीमन साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। गृह प्रवेश से पहले विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की गई। हितग्राहियों में पथरिया स से ओम लाल पिता मदन साहू, प्रदीप पिता जनक, रामकुमार पिता आनंद राम, देवेंद्र पिता बंधुराम विश्वकर्मा, सुनीता पिता विश्राम आदिवासी, पंचराम पिता मंसाराम यादव नरसिंह पिता लतेल यादव, देवबती पति मंसाराम यादव, पिटोरा से कामता प्रसाद पिता बृजलाल, सुरतिया पिता भूखन, अश्वनी पिता लेखू, पोटिया म से मेलाराम, रघु पिता चोवा लाल, खेतराम पिता प्रभु शामिल हैं। आयोजित कार्यक्रम में सीईओ किरण कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र देवांगन, आवास प्रभारी राहुल देवांगन, मनरेगा इंजीनियर सौरभ साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### कांतिलाल बोथरा बने राइस मिलर्स एसो.के अध्यक्ष, किए गए सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन का नया अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा को बनाया गया है। प्रदेश में यह दूसरा मौका है, जब प्रदेश स्तर पर दुर्ग को प्रतिनिधित्व मिला है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा को राइस मिलर्स एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संगठन मंत्री संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने बताया कि 2 दिन पूर्व ही बिलासपुर में आयोजित राइस मिल एसोसिएशन की बैठक में कांतिलाल बोथरा को प्रदेश अध्यक्ष, विष्णु बिंदल को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। कांतिलाल बोथरा एवं विष्णु बिंदल के नेतृत्व में राइस मिल एसोसिएशन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। बोथरा ने कहा कि राज्य सरकार से मिलकर हम राइस मिल की समस्याओं का समाधान करेंगे।

## सिटी इवेंट

### भगवान बुद्ध की जयंती पर जुटे अनुयायी, निकाला कैंडल मार्च



**दुर्ग।** बुद्ध विहार शंकरनगर में तथागत भगवान बुद्ध की 2568वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक आयोजित कार्यक्रमों में उपासक-उपासिका बड़ी संख्या में जुटे। बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े के नेतृत्व में आयोजित जयंती समारोह में सर्वप्रथम पंचशील ध्वजारोहण कर डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सामूहिक वंदना की गई। इस अवसर पर आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कादम्बरी नगर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिए गए। शाम को कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर भाटिया नर्सिंग होम, अग्रसेन चौक, ग्रीन चौक, आईएमए चौक, ओम परिसर, गुप्ता नर्सिंग होम, आर्यनगर पानी टंकी होते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंची, जहां कैंडल मार्च का समापन हुआ। कैंडल मार्च में एक खुले रथ पर तथागत भगवान बुद्ध की तैल्यचित्र विराजमान किए गए। वहीं घोड़े-बग्गी व अन्य झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहे। जयंती समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। रात में नेत्रहीन बच्चों द्वारा गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े (ज्ञानू), सचिव अशोक मड़ामे, उपाध्यक्ष केएन वासनिक, उपसचिव किशोर चौरे, कोषाध्यक्ष संजय मेश्राम, अंकेक्षक राजकुमार फुले, संगठन सचिव विजय मेश्राम, कार्यकारिणी सदस्य रामजी रंगारी, नारद गोंडाने, किशोर गोस्वामी, दिलीप सुखदेव, सप्रेम चौरे, हितेन्द्र चौहान, अतुल सूर्यवंशी, संजू श्यामकुंवर,प्रकाश बंसोड़ आदि मौजूद थे।

---

**भारत और पाकिस्तान की सीमा पर तनाव को देखते हुए वालंटियर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू**

# जिले की सुरक्षा में 14 साल बाद फिर तैनात होंगे 1 हजार से ज्यादा नए वालंटियर, विद्यार्थी, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील व ड्राइवर दे सकते हैं सेवा

> भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच जिले में युवाओं को सिविल डिफेंस वॉलंटियर के रूप में नियुक्त किए जाने की तैयारी की गई है। इसके लिए जल्द ही आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए विद्यार्थी, डॉक्टर, इंजीनियर, केबल ऑपरेटर, बढ़ई, राजमिस्त्री, टेलीफोन ऑपरेटर, नर्स, वेल्डर, नाविक, कुशल ड्राइवर, वकील, सेवानिवृत्ति कर्मचारी-अधिकारी एवं अन्य आम नागरिक स्वयंसेवक सिविल डिफेंस वालंटियर माय भारत पोर्टल की लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

**भिलाई।** यह पहल आपात स्थितियों में सहायता प्रदान करने, समाज की सुरक्षा में योगदान देने और नागरिक जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। 18 साल से अधिक उम्र के युवा जिनमें अपने देश व समाज के लिए कुछ कर गुजरने की ललक और भावना हो इस अभियान से जुड़ सकते हैं। दुर्ग जिला प्रशासन ने इसे लेकर तैयारी की है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर देश की सेवा के लिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर का उपयोग किया जा सके। अंतिम बार वर्ष 2011 में वालंटियर नियुक्त किए गए थे, लेकिन लगातार अनदेखी के बाद वे सभी हासिए पर चले गए, अब नए सिरे से इसे लेकर कवायद शुरू की गई है। जानकारी के मुताबिक ऐसे नागरिकों का प्रशिक्षित एवं जागरूक कर हवाई आक्रमण, बाढ़, भूकंप, भीषण दुर्घटना आदि में महत्वपूर्ण एवं जीवन उपयोगी व्यवस्थाओं को उपयोग में लाया जाएगा। वालंटियर में ऐसे व्यक्तियों का चयन किया जाएगा, जो खुद को बचाना जानते हों, दूसरों की मदद करने में सहायक एवं उपयोगी हैं। प्रशासन ने अपील करते हुए कहा है कि समय न गवाए, खुद को सिविल डिफेंस ऑफिस में नामांकित कराएं। अपनी सुविधा अनुसार प्रशिक्षण पाकर राष्ट्र सेवा में सहभागी बने। यह सिर्फ सेवा ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है।



### माय भारत पोर्टल के लिंक पर जाकर करा सकते हैं पंजीयन

इच्छुक व्यक्ति या समाजसेवी माईभारत पोर्टल या **https://mybharat.gov.in/** में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा वे कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं दुर्ग छत्तीसगढ़ में उपस्थित होकर जानकारी भर सकते हैं। कार्यालय का दूरभाष क्रमांक 0788-2322571, 2320120, 2320121 है। यह कार्यालय केंद्रीय जेल दुर्ग के पीछे स्थित हैं। इस बारे में ज्यादा जानकारी कार्यालय से ली जा सकती है। सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रंगीन पासपोर्ट साइज वर्तमान का दो फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटो कॉपी और न्यूनतम उम्र 18 वर्ष उम्र होना जरूरी है। इसके लिए आधारकार्ड, दो फोटो और किसी भी क्लास की मार्कशीट आवेदन फार्म के साथ जमा करनी होगी।

### पहले दी जाती थी 7 दिन की ट्रेनिंग, अभी 2 दिन की ट्रेनिंग

नगर सेना विभाग के माध्यम से इन वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाना है। पूर्व में 7 दिन का ट्रेनिंग दिया जाता था। वर्तमान हालात को देखते हुए उन्हें तत्काल दो दिन की ट्रेनिंग दिए जाने की तैयारी की गई है। नगर सेना विभाग में ऐसे लोगों के पंजीयन के लिए बाकायदा काउंटर खोला गया है, टेलीफोन नंबर जारी किए गए हैं, ताकि लोग स्वस्फूर्त देश सेवा के जज्बे के साथ वालंटियर की भूमिका में आ सकें। फिलहाल ऐसे लोगों का पंजीयन किया जा रहा है। आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद इन सारे लोगों के नामों की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद उन्हें ट्रेनिंग दिया जाएगा।

### फिलहाल 1 हजार वालंटियर का लक्ष्य, 10 हजार वालंटियर नियुक्त करने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक लंबे समय बाद नगर सेना विभाग के माध्यम से वालंटियर्स नियुक्त किए जाने हैं। इसे लेकर जिले के युवाओं में खासा उत्साह भी देखा जा रहा है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में विभाग ने 1 हजार वालंटियर का लक्ष्य रखा है। हालांकि 10 हजार से ज्यादा वालंटियर तय करने की तैयारी है। जैसे-जैसे पंजीयन होंगे, वैसे-वैसे इन सारे लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्राथमिक चिकित्सा, ट्रेनिंग के दौरान पट्टी बांधने, सीपीआर देने जैसे उपायों से घायलों की मदद करने का अभ्यास कराया जाता है। इसके अलावाः छोटी आग को नियंत्रित करने के लिए अग्निशामक यंत्र का उपयोग करना सिखाया जाता है। हवाई हमले या आपदा के दौरान सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का अभ्यास करवाया जाता है। साथ ही ट्रैफिक नियमों से जुड़ी जानकारी दी जाती है।

### एनएसए के निर्देश पर शुरू की गई कवायद



एनएसए के निर्देश पर यह कवायद शुरू की गई है। आतंकी हमले के बाद देश में बने हालात को देखते हुए सिविल डिफेंस वालंटियर नियुक्त किए जाने हैं। इससे पहले 2011 में ऐसे लोगों को नियुक्त किया गया था। सामान्य तौर पर 7 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए दो दिन का प्रशिक्षण तय किया गया है। इसमें हम सारी जरूरी चीजे वालंटियर्स को बताएंगे। हमारा प्रयास है कि जितने ज्यादा से ज्यादा वालंटियर्स बन सकें, फिलहाल करीब 1 हजार का लक्ष्य रखा है। सेवा भाव का जज्बा रखने वाले लोग इससे जरूर जुड़ें, ताकि देशसेवा हो सके।

**-नागेंद्र कुमार सिंह,** अधिकारी नगर सेना विभाग दुर्ग

---

# भिलाई-दुर्ग औद्योगिक शहर, जिसे वैश्विक व्यापार से जोड़ने की दिशा में प्रयास की जरुरत

- व्यापारियों के लिए आयात-निर्यात पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई।** दुर्ग एवं भिलाई के व्यावसायियों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र दुर्ग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय आयात-निर्यात के अवसर और वैश्विक व्यापार की संभावनाएं था। कार्यशाला में स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रक्रियाओं, नीतियों, अवसरों और आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के रंगराजफेसर एवं केंद्र प्रमुख, सुमन दास कोऑर्डिनेटर, आईआईएफटी थे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने इस अवसर पर कहा कि दुर्ग और भिलाई जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए ऐसी कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। यह आयोजन युवाओं, स्टार्टअप्स और नए उद्यमियों को वैश्विक व्यापार के लिए तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उद्योग केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी तुषार त्रिपाठी, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, महेश बंसल, केएस बेदी, भोलानाथ सेठ सहित अन्य मौजूद थे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में दुर्ग और भिलाई के व्यापारी, स्टार्टअप संस्थापक और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक और मार्गदर्शक बताया।




# तहसील कार्यालय में महिलाओं के लिए खुला पिंक टॉयलेट




**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनैकल ने मंगलवार को नगर निगम, तहसील कार्यालय में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की शुरुआत की। क्लब सदस्यों ने कहा कि यह सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की स्वच्छता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह तीन कक्षों वाला सुव्यवस्थित शौचालय महिलाओं की निजता, स्वच्छता और सुलभता को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। आयोजित कार्यक्रम में शशांक रस्तोगी, पवन अग्रवाल, महापौर अल्का बाघमार, नगर निगम आयुक्त, तहसीलदार सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। क्लब मेंबर्स ने बताया कि संस्था द्वारा लगातार समाजहित में कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत ही यह पिंक टॉयलेट शुरू किया गया है। इस अवसर पर विशाखा रस्तोगी, तान्या अग्रवाल, प्रियंका लुनिया, तनुश्री अग्रवाल, आशा सिंह, कनिका जैन और रुचि सेठ मौजूद थे।

---

**भारतीय बौद्ध महासभा ने डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में मनाई जयंती**

# सुबह पंचशील ध्वज फहराया, पूजा, वंदना के साथ धम्म देशना में भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में बुद्ध पूर्णिमा ( बुद्ध जयंती) का आयोजन किया गया। भंते दीट्ठि विशुद्धि के सानिध्य और संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनिक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सुबह 9 बजे भंते ने पंचशील ध्वज फहराया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा, वंदना की गई। सुबह 10 बजे धम्म देशना ( धम्म प्रवचन) भंते ने दी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चलकर तथा उनके उपदेशों का पालन कर अपने जीवन को दुख से मुक्त किया जा सकता है।



### बुद्ध के बताए मार्ग को आत्मसात करने की जरुरत

विनोद वासनिक ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताये गए चार आर्य सत्य, आठ आष्ठांगिक मार्ग तथा पंचशील का पालन हर किसी को करना चाहिए। उनके बताए मार्ग को आत्मसात करने की जरुरत है। इस अवसर पर हरि गोटे ने संस्था को स्टील के चार बेंच दान दिया। डॉ आंबेडकर जयंती के अवसर पर जिन प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, ऐसे विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से खीर-पूड़ी का विवरण किया गया। संध्या 6 बजे के कार्यक्रम में कैंडल रैली निकाली की, जिसने शांति पूर्ण रूप से नगर भ्रमण किया। सुख, शांति से जीवन को सफर तय किया जा सकता है। भंते ने विपश्यना ( ध्यान साधना) के बारे में बताते हुए कहा कि विशेष रूप से देखना, हमारे भीतर से ही सब कुछ होता है। राग, द्वेष हमारे भीतर से ही उत्पन्न होता है। मन, वचन, काया से पवित्र रहना है। प्रज्ञा ( ज्ञान) से स्वयं अनुभव करना है। दस पारमिताओं ( दान) का पालन करना है। हमारे अंदर के अज्ञान रूपी अंधकार को खत्म करना है।

### सामाजिक प्रतिनिधियों और प्रतिभावान का किया गया सम्मान

इस अवसर पर सामाजिक प्रतिनिधियों और प्रतिभावान का सम्मान किया गया। साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती में आयोजित कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में ठानेन्द्र कामड़े, देवानंद मेश्राम, डीपी भोईर, कृष्णा बंसोडकर, वसंत नंदेश्वर, अशोक नंदेश्वर, महेन्द्र रामटेके, एससी गौरकर, हंसराज वैद्य, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, एसआर फुलमाली, जेबी पाटिल, नेकराम रामटेके, जीडी राऊत, अविनाश गवांडे, आशीष चौहान, जालेन्द्र ऊके, पीजे अंबुरकर, संतोष खापर्डे, शिवचरन पानतावने, विनायक चौरे, एचसी ढोके, कुसुम गजभिये, लीना वैद्य, भारती खांडेकर, अलका बौद्ध, माधुरी बौद्ध, अलका खोब्रागडे, सुनिता मेश्राम, अंजिता शंडे, पूनम खापर्डे, सुशिला वासनिक और संस्था के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।

## सिटी इवेंट

# रविंद्र संगीत प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति



**भिलाई।** सरगम ए म्यूजिकल भिलाई के द्वारा राज्य स्तरीय रविंद्र उत्सव 2025 का आयोजन सेक्टर 2 डोम शेड में किया गया। छत्तीसगढ़ के नाटककार एवं नाट्य निर्देशक स्वर्गीय वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन राज्य स्तरीय रविंद्र संगीत स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्पर्धा में रणदीप बेनर्जी एवं गीता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रविंद्र उत्सव के आयोजन में दुर्ग सांसद विजय बघेल और सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप घोष बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद जी. श्रीनिवास राव और डॉ.राजश्री मिश्रा उपस्थित थे। सोनाली सेन के निर्देशन में टीम सरगम ए म्यूजिकल के कलाकारों द्वारा शास्त्रीय राग पर आधारित संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें रणदीप बेनर्जी, देवव्रत मजूंमदार, आर्य दानी, नैंसी चौधरी, ज्योति देशमुख, वीणा दीक्षित, रंजीत मंडल, पारिजात झा, प्रसंगी, पूजा चौधरी ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। संस्था की निर्देशिका सोनाली सेन ने बताया कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय रविंद्र उत्सव 2025 के आयोजन के पहले दिन लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रविंद्र उत्सव के द्वितीय दिवस इस स्पर्धा का पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के नाटककार एवं नाट्य निर्देशक स्वर्गीय वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। जिसमें वरुण स्मृति पुरस्कार में राजेश चौहान, डॉ सौरभ मुखर्जी, कीर्ति माधव व्यास, मानिक चक्रवर्ती, अरविंद कुमार वर्मा, डॉ मनोज खन्ना को अपने क्षेत्र में विशिष्ट भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

- स्व. वरुण सेन की स्मृति में गुणिजन सम्मानित

## समाज इवेंट

# अखिल भारतीय वीरांगना ग्रुप की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना ग्रुप द्वारा जिले में नई कार्यकरिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी ललिता सिंह को दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष किरण सिंह की अनुसंशा पर ज़िला अध्यक्ष ललिता सिंह द्वारा अपनी दुर्ग-भिलाई टीम की घोषणा की गई। जिसमें उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, गायत्री सिंह राठौर, पुष्पा सिंह, अनीमा सिंह, महामंत्री सुषमा सिंह, मंत्री सुनीता सिंह, सचिव संध्या सिंह चंदेल, सह सचिव शशिकला सिंह, कोषाध्यक्ष कुसुम सिंह, सह कोषाध्यक्ष संजय सिंह, संगठन मंत्री सुधा राठौर, संगठन सह मंत्री गायत्री सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी स्वाती परमार, सांस्कृतिक सह प्रभारी संध्या सिंह, कार्यकारिणी सदस्य उमा परमार, अनीता सिंह, निरि़क्षा सिंह राठौर, रचना सिंह, अंजली बिसेन, प्रभा सिंह, स्वाति सिंह, दिपा परिहार, मंजू सिंह, कविता सिंह, नेहा सिंह, आशा ठाकुर को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सभी सदस्यों ने समाज के हित में कार्य करते हुए सांस्कृतिक मनोरंजक, धार्मिक, सामाजिक, सेवा कार्य सहित ऐतिहासिक वीर योद्धाओं की जयंती व पुण्य तिथि मनाते हुए उनके संदेशो का प्रचार- प्रसार करने की शपथ ली।

- जिला अध्यक्ष बनी ललिता

## एजुकेशन इवेंट

# प्लेसमेंट ड्राइव में 33 छात्रों ने दिया साक्षात्कार, 17 छात्र हुए चयनित



**भिलाई।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी के बी.फार्म अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कार्टेल लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड अकोला, रायपुर की फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। अस्पतालों और क्लीनिकल ट्रीटमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कंपनी बड़े मात्रा में पैरेंट्रल्स (LVPs) के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 33 छात्रों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद 17 छात्रों का चयन क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्शन विभागों के लिए किया गया। चयनित छात्र अब फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू करेंगे। प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन में प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर्स आस्था वर्मा व नित्यपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। संस्थान के प्राचार्य प्रो. एस. प्रकाश राव एवं कृष्णकांत, निदेशक श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स कुम्हारी कैंपस ने कार्टेल लाइफसाइंस प्रा. लि. का आभार व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

● वूमेन इंपावर ग्रुप दवरा सेक्टर 8 स्टील क्लब में हुआ आयोजन

# रंग-बिरंगे परिधानों और ठंडे-ठंडे ड्रिंक्स ने कराया कूल एहसास, समर स्पेशल कॉम्पिटिशन ने बिखेरा फैशन का जलवा

**भिलाई।** गर्मियों की तपिश को मात देते हुए शहर में आयोजित हुआ 'समर स्पेशल कोल्ड ड्रिंक एंड फैशन शो', जहाँ रंग-बिरंगे परिधानों और ठंडी-ठंडी ड्रिंक्स ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में मॉडल्स ने ट्रेंडी समर कलेक्शन के साथ रैम्प पर जलवा बिखेरा, वहीं दर्शकों को विभिन्न फ्लेवर्स की कोल्ड ड्रिंक्स का स्वाद भी चखने को मिला। समर स्पेशल कोल्ड ड्रिंक और फैशन शो का आयोजन वूमेन इंपावर ग्रुप रिसाली द्वारा सेक्टर 8 स्टील क्लब में आयोजित किया गया था। गर्मी स्पेशल इस आयोजन में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक प्रॉप यूज कर स्टेज में फैशन का जलवा बिखेरा और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। साथ ही पान का शरबत, सत्तू का शरबत, आम का पना, छाछ, मिल्क शरबत, लेमन सोडा, लस्सी सहित कई वैरायटी के शरबत का स्वाद और उसकी सजावट ने गर्मी में ठंडे का कूल एहसास कराया। इस इवेंट का उद्देश्य न केवल समर फैशन को प्रमोट करना था, बल्कि हेल्दी और रिफ्रेशिंग ड्रिंक्स की विविधता को भी दर्शाना था। फैशन शो के साथ लाइव म्यूज़िक और फूड स्टॉल्स ने माहौल को और भी शानदार बना दिया। वूमेन पावर ग्रुप की अध्यक्ष प्रतिभा यादव ने बताया कि सदस्याओं द्वारा मिलकर सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। आयोजन से घरेलू महिलाओं को घर की चार दिवारी से निकल कर मंच में अपने भीतर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल जाता है। जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढ़ने का मौका मिलता है।





### समर फैशन शो की नीता बनी विजेता

समर फैशन शो में समर क्वींन नीता पंचभई रही। प्रथम किरण साहू, द्वीतीय के सबिता, सांत्वना पुरस्कार वीणा चौहान, लीना नायक विजेता रही। जब गर्मी सताएं तो ठंडा हो जाए की थीम पर कोल्ड ड्रिंक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पान का शरबत, सत्तू का शरबत, पनी, छाछ, मिलक शरबत, लेमन सोडा, सल्ली सहित कई वैराईटी के शरबत को जज के सामने पेश कर गर्मी में ठंडे का कूल एहसास कराया। इस प्रतियोगता में प्रथम आशा, द्वीतीय डी लक्ष्मी, तृतीय रूबी, सांत्वना पुरस्कार मनीषा निखारे, रीना सागर रही विजेता।



### फैशन शो में दिखा उत्साह



वूमेन पावर ग्रुप द्वारा स्टील क्लब में समर स्पेशल ड्रेसेस फैशन शो और जब गर्मी सताए, तो कुछ ठंडा हो जाए स्पेशल समर ड्रिंक कांपीटिशन के आयोजन में ग्रुप की सभी सदस्याओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी के बीच महिलाएं घर से निकलकर सेक्टर 8 स्टील क्लब के एसी हॉल में फैशन शो को जलवे बिखेरे। महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गर्मी के फैशनेबल ड्रेसेस कैरी कर गर्मी के अलग-अलग प्रॉप यूज कर हाथों में कोल्ड ड्रिंक लेकर फैशन की तड़का लगाया। फैशन शो के विभिन्न राउंड में प्रतिभागियों ने भारतीय परिधान साड़ी, सूट, वेस्टर्न फ्रॉक, गाउन सहित कॉटन के ड्रेसेस कैरी कर विभिन्न प्रॉप लेकर कैटवॉक किया। कार्यक्रम में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में जजमेंट महिला काउंसलर डॉ ज्योति पुरंग, कसौंधन वैश्य समाज की महामंत्री प्रभा गुप्ता और समाजसेविका सपना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## आयोजन...

# मदर्स डे पर गीत, कविताएं और नृत्य कर भावनाओं की भी प्रस्तुति



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड में मदर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने मां के लिए खूबसूरत ग्रीटिंग कार्य बनाएं और कविताएं एवं गीत और नृत्य के द्वारा अपने मन की भावनाओं को प्रस्तुत किया। ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ ही हमें इस संसार में जन्म देती है और जीवन में प्रथम गुरु हमारी मां ही होती है। उन्होंने बच्चों को मां के प्रति कर्तव्य और मां के विभिन्न रुपों से की दुआएं प्राप्त करने विस्तार से बताया। बीके वर्षा ने बताया कि हमारे जीवन में सिर्फ एक माँ नहीं है और भी माताएं होती है जिनके प्रति भी हमारा कर्तव्य है। पहला लौकिक माँ ने हमें जन्म दिया और हमें हर परिस्थिति में संभाला। जब भी कोई कठिन दौर आता है तो बच्चा मां की आंचल में जाकर स्वं को सुरक्षित महसूस करता है। तो भाग्यशाली वह बच्चे हैं जिनकी मां होती है। वीर शिवाजी अगर छत्रपति शिवाजी बने तो उनके पीछे उनकी माता जीजाबाई का संपूर्ण साथ रहा है। माँ खुद भले भोजन न करें बच्चों को उसकी हर बात पर उसे क्या पसंद है, नहीं पसंद है उसका संपूर्ण ध्यान रखती है। दूसरी अलौकिक माँ- हमारी ब्रह्मा माँ है जो हमें श्रेष्ठ कर्म द्वारा श्रेष्ठ भाग्य की कलम हमारे हाथ में दी है,जो चाहे अपना श्रेष्ठ भाग्य बना ले हमें सावधान भी करती है ताकि हम सदैव सत्कर्म की ओर आगे बढ़ते रहे। तीसरी पारलौकिक माँ- हमारी परमपिता परमात्मा है, एक सच्चे दोस्त की तरह हर पल मदद करती हैं, कोई हमें साथ दे ना दे लेकिन वह हर पल हमें साथ देती है। चौथी धरती मां जो सभी का बोझ सहते हुए सभी बच्चों को अपनी गोद में समाती रहती है। पांचवी प्रकृति माँ- बचपन से लेकर जीवन के अंत तक हमें पालन पोषण करते हुए सदा देने का कार्य करती है। कभी लेने की कामना अपने बच्चों से कभी नहीं करती।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। बच्चों ने अपने जीवन में मां के प्रति सदा ऋणी रहने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों ने समर कैंप में आने से बच्चों में आने वाले परिवर्तन को शेयर किया।

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बच्चों के लिए आयोजन**

## केंद्रीय एजेंसियों से मिला 4.19 करोड़ का अनुदान

# रिसर्च एक्सीलेंस रेयर अवॉर्ड में फैकल्टी को मिले 20 लाख रुपए के पुरस्कार



**भिलाई।** शोध और शोधार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए मंगलवार को संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस आर-1 में रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस रेयर अवॉर्ड दिए गए। समाजिक हितों में शोध कार्य करने वाली कॉलेज की 42 फैकल्टी को कार्यक्रम में 20 लाख रुपए के पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश थे। उन्होंने कहा कि रूंगटा में ऐसी फैकल्टी भी हैं, जिनको दुनिया के शीर्ष दो फीसदी साइंटिस्ट की सूची में जगह बनाई। अब शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में कोलाब्रेशन का दौर है, ऐसे में आईआईटी भिलाई की लैब रूंगटा ग्रुप के लिए खुली हैं। ग्रुप की फैकल्टी और विद्यार्थी दोनों ही आईआईटी भिलाई की लैब से अपने प्रोजेक्ट और रिसर्च को और बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में चेयरमैन संतोष रूंगटा ने रेयर अवॉर्ड हासिल करने वाली फैकल्टी को बधाई देते हुए कहा कि, इस अवॉर्ड का मकसद फैकल्टी को रिसर्च के लिए मोटिवेट करना है। ताकि वे खुद के साथ-साथ संस्थान को भी अपडेट कर सकें। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाज़ुद्दीन ने बताया कि, एक साल में रिसर्च के लिए विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से 4.19 करोड़ रुपए का अनुदान मिला है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसी तरह रिसर्च पब्लिकेशन में पब्लिकेशन 18.9 इंपैक्ट फैक्टर में रहा है। कार्यक्रम में रूंगटा समूह के डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. वाईएम गुप्ता, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. एडविन एंथोनी, प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन, डॉ. मुकेश शर्मा, डीन आरएंडडी डॉ. रामकृष्ण राठौर, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष और डॉ. एस भारती सहित 250 से अधिक फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट कार्य को मिला प्रोत्साहन**

## 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का दसवां दिन

# भक्त भगवान के बल पर आश्रित, कलयुग में ज्ञान मार्ग पर चलना है बहुत मुश्किलः धामेश्वरी

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** जगदगुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी दवरा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जुनवानी में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के निराकार निगुण ब्रह्म, सगुण साकार परमात्मा और सगुण साकार भगवान के तीन स्वरूपों के बारे में बताया गया। जिसमें ज्ञानी ब्रह्म के उपासक होते हैं, योगी परमात्मा के और भक्त भगवान के उपासक होते हैं। देवी ने बताया कि वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताये गये है। एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव न हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये।



### ज्ञानी व्यक्ति का पतन

वेदों में यह भी कहा गया है कि ज्ञानी व्यक्ति का पतन हो जाता है। वह ज्ञान अज्ञान है जिसमें ईश्वर प्रेम न हो अर्थात कर्म स्वर्ग देकर समाप्त हो जाता है और ज्ञान से मोक्ष मिलता है यह भी निंदनीय है। ज्ञानी अपने बल पर वेदों शास्त्रों के ज्ञान के आधार पर साधना करता है तो स्वयं को ही ब्रह्म समझता है, भगवान के शरणागत नहीं होता।

### भगवान के शरणागत होने पर ही होगी मायानिवृति

ज्ञान मार्ग पर चलना कलयुग में बहुत मुश्किल है क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए। संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवान की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवान के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। ज्ञानी का ज्ञान मार्ग में बार बार पतन होता है, जिसकी रक्षा करने वाला न भगवान होता है न गुरु ही होता है और जो भक्त है भक्ति मार्ग में वो भगवान तथा गुरु के शरणागत रहता है, आश्रित रहता है इसलिए भगवान उसकी रक्षा करते हैं। भगवान भक्त की रक्षा करते हैं किंतु ज्ञानी की रक्षा नहीं करते। ज्ञानी की रक्षा तब करेगें जब ज्ञानी भगवान की शरण में जायेगा। जब ज्ञानी भगवान के शरण में जायेगा तभी उसको ब्रह्मज्ञान अथवा मोक्ष हो सकता है। उसी प्रकार योगी को भी अपने स्वरुप का ही ज्ञान रहता है ज्ञानी सब कुछ को ब्रह्म कहते है और जीव को भी ब्रह्म बताते हैं। ज्ञानमार्गी से भक्तिमार्गी श्रेष्ठ है क्योंकि ज्ञानमार्गी का पतन हो जाता है। ज्ञानी को अपने ज्ञान का मिथ्या अभिमान होता है जबकि भक्त अपने आपको दीन-हीन, पतित मानता है तो उस पर दीनानाथ भगवान की कृपा जल्दी हो जाती है। ज्ञानी अपने बल पर चलता है जबकि भक्त भगवान के बल पर आश्रित होता है। इसलिए भक्त का पतन नहीं होता क्योंकि वहाँ पर गुरु उसका योगक्षेम वहन करते हैं। भगवान ने गीता में कहा है कि भगवान के पूर्ण शरणागत होने पर ही माया से पार हो सकते हैं। बडे बड़े सुकदेवमुनि जो भागवत के रचयिता हुए हैं वो पहले ज्ञानी थे परंतु फिर श्रीकृष्ण की भक्ति करके श्रीकृष्ण का प्रेम प्राप्त किया। भक्ति मार्ग में भगवान श्री कृष्ण का प्रेमानंद या ब्रजरस मिलता है, जिसकी महिमा सभी संतों ने बताई है। इस प्रकार ज्ञान मार्ग को बहुत कठिन और भक्ति मार्ग को अत्यंत सरल बताया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन 10-11 मई को किया गया। दोनों दिन लगभग 70 मैच खेले गए। अंतिम दिन परिणाम इस प्रकार है।

**मिक्स डबल्स फाइनल:** प्रेम प्रकाश ध्रुव एवं दिनेशवरी तांडी ने आरिश आगा चौबे और हैमिका जिंदल को 15-13 के रोमांचक मैच में हराकर विजेता बने।

**वुमेंस डबल्स फाइनल :** रीना अग्रवाल एवं दिनेशवरी की जोड़ी ने शिल्पी मटरेजा एवं अलका यादव को संघर्षपूर्ण मेंच में 15-13 से हराकर ख़िताब जीते।

**मेंस डबल्स फइनल :** संघर्ष पूर्ण मुकाबले में मोनेश यादव एवं अभिजर बादशाह की जोडी ने मायकल मसीह एवं वरुण जैन को कड़े संघर्ष में 15-14 से हराकर विजेता का ख़िताब जीता। सभी विजेताओं को 3000/-एवं उपविजेता को 2000/- केश प्राइज़ दिया गया। इस अवसर पर टीम विजिआर के ओनर विजय नतथानी ने उपविजेता टीम को 20000/- प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये।

समारोह में अतिथि के रूप में टर्फ 71 के संचालक सुजल अग्रवाल, वीजीआर टीम से विजय नथथानी, टीम आरसीपी के राकेश पांडे, टेनिस के उपाध्यक्ष सुशील बालानीसहित वरिष्ठ खिलाड़ी राधेश्याम तांडी ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

### जिला शतरंज में उभरते हुए खिलाड़ी बने चैंपियन



**रायपुर।** राजधानी में रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में जिला शतरंज संघ व चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला चयन स्पर्धा में अंडर 7 बालक वर्ग का खिताब युवान कश्यप ने अपने नाम किया। इस नन्हे बालक ने बिना कोई मैच गवाए पूरे 6 अंक अर्जित किये। फाइनल में इन्होंने अक्ष बंसल को पराजित किया ,वही बालिका वर्ग में संस्कृति नथानी विजेता बनी।

अंडर 11 वर्ग के बालक वर्ग के विजेता प्रांजल अहिरवार 5 अंकों के साथ बने। उन्होंने फाइनल मैच में राजवीर अजवानी को पराजित किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में सावी गौरी 4अंकों के साथ चैंपियन बनी। फाइनल मैच में अनिका गुप्ता के खिलाफ हार के बाद भी बेहतर टाईब्रेक के कारण विजेता रही।

अंडर 15 में बालक वर्ग के विजेता का खिताब विवान रॉय ने हासिल किया तथा बालिका वर्ग में तनीषा ड्रोलिया अविजित रहते हुए विजेता रही। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग में 6 चक्र व बालिका वर्ग में 5 चक्रों में स्विस लीग पद्धति से संपन्न हुई,वही अंडर 7 बालिका वर्ग में राउंड रॉबिन पद्धति का उपयोग किया गया। विजेताओं में बालक वर्ग अंडर --7 में प्रथम–युवान कश्यप (6 अंक),द्वितीय–रिदान गुप्ता (5अंक), तृतीय– अक्ष बंसल (4 अंक), चतुर्थ–ए सुहास कुमार( 4अंक), बालिका वर्ग अंडर-7 में प्रथम–संस्कृति नथानी (4 अंक), द्वितीय–वल्लरी टावरी (3अंक), तृतीय–प्रिशा सैनी (2अंक), चतुर्थ–आन्या खाटूजा (1अंक), बालक वर्ग अंडर-11 में प्रथम–प्रांजल अहिरवार (5 अंक), द्वितीय-भव्यम झवर (5 अंक), तृतीय-राजवीर अजवानी (4.5 अंक), चतुर्थ- प्रीतेश खटूजा (4.5अंक), बालिका अंडर-11, प्रथम- सावी गौरी (4 अंक), द्वितीय – अनिका गुप्ता (4अंक), तृतीय- रावी शेयके (3.5 अंक), चतुर्थ- धानवी मिश्रा (3.5अंक), बालक अंडर 15 में प्रथम- विवान रॉय (5.5अंक), द्वितीय- अद्वैत पांडे (4.5 अंक), तृतीय- दीपांशु वर्मा (4.5 अंक), चतुर्थ- अभिनव वर्मा (4.5 अंक), बालिका अंडर 15 में प्रथम–तनीषा ड्रोलिया (5 अंक), द्वितीय-प्रतिष्ठा अहिरवार (4अंक), तृतीय- आराध्या तिवारी (3अंक), चतुर्थ- अदिति आदित्य (3 अंक), यंगेस्ट प्लेयर आर्यव लोहिया, अर्थेश लोहिया,बालिका वर्ग में आन्वी अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भी स्पेशल प्राइज के रूप में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला सचिव नवीन शुक्ला ने बताया कि स्पर्धा में कुल 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, उनमें से 14 को अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त थी। इस स्पर्धा के अंडर 7 व 11 आयु समूह के बालक बालिका वर्ग के प्रथम दो स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी बेमेतरा में आगामी 15 मई से आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में तथा अंडर 15 में चयनित 4/4 खिलाड़ी जो कि दुर्ग जिले में 17 जुलाई से आयोजित प्रतियोगिता में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में सौरभ अग्रवाल, आशुतोष शर्मा (अध्यक्ष ,रायपुर जिला शतरंज संघ) और निवेदिता बनर्जी उपस्थित थे।

● स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताए जरूरी उपाय

# लिवर में फैट बनने से रोकें, अपने खानपान की आदतों में करें बदलाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक जंक फूड, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड खाने की आदत, शारीरिक रूप से निष्क्रियता, नींद की कमी और अत्यधिक तनाव की समस्या लिवर में फैट बढ़ने की दिक्कत बढ़ाने वाली हो सकती है।

लिवर में फैट जमने की समस्या सभी उम्र के लोगों में देखी जा रही है, कम उम्र वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आज के समय की ये आम लेकिन गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन गई है। अगर समय रहते इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर इसे नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण लिवर सिरोसिस, फाइब्रोसिस यहां तक कि लिवर कैंसर का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिस तरह से लाइफस्टाइल-खान पान की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं उसने लिवर में फैट बढ़ने की समस्या को भी बढ़ा दिया है। फैटी लिवर वह स्थिति है जब लिवर की कोशिकाओं में वसा की मात्रा सामान्य से अधिक मात्रा में जमा होने लग जाती है। सामान्यतः लिवर में 5% से कम वसा होनी चाहिए, लेकिन यदि यह मात्रा 5-10% से अधिक हो जाए तो इससे फैटी लिवर रोग का खतरा हो सकता है।



### देश में हर तीसरे व्यक्ति को हो सकती है ये बीमारी



आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज की समस्या हो सकती है। मधुमेह और अन्य मेटाबॉलिक विकारों के कारण होने वाली इस बीमारी का खतरा उन लोगों में भी तेजी से बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है, जो लोग शराब भी नहीं पीते हैं। इस तरह की स्थिति को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक जंक फूड, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड खाने की आदत, शारीरिक रूप से निष्क्रियता, नींद की कमी और अत्यधिक तनाव की समस्या लिवर में फैट बढ़ने की दिक्कत बढ़ाने वाली हो सकती है।

### क्या कहता है स्वास्थ्य मंत्रालय?

लिवर में फैट की समस्या क्यों बढ़ती जा रही है, इसके लिए कौन से कारण जिम्मेदार हो सकते हैं इसको लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ गड़बड़ आदतों के बारे में बताया है जिसमें सुधार करके लिवर की इस समस्या से बचाव किया जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए दिनचर्या को ठीक रखने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लिवर में फैट बनने के लिए नींद पूरी न होना,धूम्रपान की आदत,नियमित व्यायाम न करना या वजन अधिक होना और एनर्जी ड्रिंक्स या मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन को जिम्मेदार मानते हैं।

### फैटी लिवर की समस्या से कैसे बचें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप लिवर की इस समस्या से बचे रह सकते हैं। अगर आपका वजन अधिक है, इसमें 7-10 प्रतिशत कमी करके भी लिवर की समस्याओं से बचाव किया जा सकता है।संतुलित आहार जिसमें हाई-फाइबर, लो कार्ब्स और लो फैट वाली चीजें हों इनकी मदद से भी लिवर में फैट की समस्या को कम किया जा सकता है।हफ्ते में कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि के माध्यम से भी फैटी लिवर से बचाव किया जा सकता है।शराब का सेवन कम करने से भी लिवर की समस्याओं से बचा जा सकता है।

# बच्चों को बिस्तर और स्क्रीन से दूर रखने उन्हें व्यस्त रखें



अगर आपके बच्चे का समर वेकेशन शुरू हो गया है और आपको चिंता सता रही है कि गर्मियों की छुट्टियों में आपके बच्चे का स्क्रीन टाइम कहीं बढ़ तो नहीं जाएगा। ऐसे में हम आपको बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने और बिस्तर छोड़ने के लिए कुछ बेहतरीन एक्टिविटीज बताने जा रहे हैं।

बच्चों को सालभर गर्मियों की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार बना रहता है। समर वेकेशन बच्चों को थोड़ा पढ़ाई से ब्रेक देने का मौका होता है और उन्हें कुछ नया सीखने के लिए उत्साहित करता है। बच्चों के साथ-साथ पैरेंट्स के लिए भी समर वेकेशन हॉलीडे फैमिली टाइम स्पेंड करने का बेहतरीन समय होता है। बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में जल्दी उठने और होमवर्क करने की टेंशन नहीं होती है। वहीं, आजकल पैरेंट्स की सबसे बड़ी चिंता यह है कि छुट्टियों के दौरान बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल, टीवी या टैबलेट में बीतता है।

साल 2013 में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, 8 से 12 साल के बच्चे हर दिन करीब 4 से 6 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं। वहीं, टीनएजर्स का स्क्रीन टाइम भी काफी ज्यादा है। ज्यादा स्क्रीन टाइम आजकल बच्चों की नींद, मेंटल हेल्थ और फिजिकल हेल्थ पर बुरा असर भी डाल रहा है। माता-पिता समर वेकेशन हॉलीडे में बच्चों को बिस्तर पर पड़े रहने और स्क्रीन से दूर रखने के लिए क्रिएटिव एक्टिविटीज को बच्चों के साथ ट्राय कर सकते हैं।

### घर की बालकनी या छत पर गार्डनिंग करें

जब आप गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को गार्डनिंग करना सिखाते हैं, तो उन्हें आप प्रकृति से जोड़ने का काम करते हैं। इससे उन्हें नेचर के प्रति अपनी जिम्मेदारी, पौधारोपण करने के फायदों का पता चलता है। अगर आपके पास छोटी-सी बालकनी , छत या खिड़की है, तो आप वहां पर कुछ गमले लगा सकते हैं। आप बच्चों को खुद से पौधे चुनने का मौका दें और उन्हें हर पौधे के बारे में बताएं। बच्चों को गाइड करते हुए आप उन्हें गमले में मिट्टी, बीज और खाद डालकर लगाने के कहें। फिर रोज पौधों को पानी देने और उन्हें बढ़ता हुआ देखने को कहें। बच्चे जब अपने लगाए पौधों को बड़ा होते देखेंगे, तो उन्हें काफी एक्साइटिंग होगी।

### घर पर ही बनाएं क्राफ्ट डे



समर वेकेशन में बच्चों के साथ मिलकर आप उन्हें कुछ नया क्राफ्ट करना सिखा सकती हैं। आप बच्चों को कागज, कलर्स और ग्लू देकर अपने अनुसार कुछ नया बनाने को कह सकती हैं। यह बच्चों को बिजी रखने का बढ़िया तरीका है। इससे बच्चों की क्रिएटिविटी बाहर आती है और उनका दिमाग कुछ नया सोचता है।

आप चाहें तो घर के पुराने सामान को देकर भी बच्चों से कुछ नया बनाने को कह सकती हैं। आप उन्हें पुराने खाली डिब्बे, बोतलें, अखबार, आइसक्रीम स्टिक और मैगजीन के पन्ने देकर ग्रीटिंग कार्ड, पेपर फ्लावर या वॉल डेकोरेशन आइटम्स बनाने को बोल सकती हैं। फिर, आप बच्चों को इन क्राफ्ट आइटम्स को अपने फैमिली और फ्रेंड्स को देने को बोल सकती हैं।

### हर हफ्ते एक नो-स्क्रीन गेम डे मनाएं

आजकल बच्चे टीवी, मोबाइल और टैबलेट पर ज्यादा टाइम बिताते हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों और दिमाग पर ज्यादा असर पड़ता है। समर वेकेशन हॉलीडे के दौरान, आप अपने बच्चों को स्क्रीन से बचाने के लिए इनडोर या आउटडोर गेम का लालच दे सकती हैं।



# गर्मियों में तरबूज की मदद से बनाएं कूल-कूल ड्रिंक्स

गर्मी के मौसम में आप अगर कुछ टेस्टी पीने का मन बना रहे हैं तो ऐसे में तरबूज की मदद से कुछ डिलिशियस ड्रिंक्स बना सकती हैं।

### वाटरमेलन लेमन वॉटर

अगर आप चाहें तो तरबूज और नींबू के कॉम्बिनेशन से गर्मी के मौसम में एक बेहतरीन ड्रिंक बनाकर पी सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले तरबूज को ब्लेंड करके छान लो। अब एक जग में नींबू का रस, थोड़ा पानी और थोड़ा शक्कर मिलाओ। अब उसमें तरबूज का जूस डालो। इसे अच्छी तरह मिक्स करें और बर्फ डालें। चूंकि इसका स्वाद थोड़ा खट्टा-मीठा होता है, इसलिए बच्चों को भी यह बहुत पसंद आता है।

### वाटरमेलन आइस्ड टी

गर्मी के मौसम में अगर आपकी चाय पीने की इच्छा होती है तो आप उसे इस बेहद ही रिफ्रेशिंग टी से स्विच करें। इसके लिए सबसे पहले ब्लैक या ग्रीन टी बनाकर उसे ठंडा करें। अब तरबूज को ब्लेंड करके छान लो। अब चाय व तरबूज के रस को बराबर मात्रा में मिक्स कर लें। अंत में, इसमें थोड़ा नींबू का रस और शहद डालकर मिक्स करें। आखिरी में, आप इसमें बर्फ डालकर और भी ज्यादा ठंडा कर सकते हैं।

### तरबूज मसाला ड्रिंक

अगर आप एक देसी लेकिन टेस्टी ड्रिंक का लुत्फ उठाना चाहती हैं तो इस रेसिपी को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले तरबूज को मिक्सी में ब्लेंड



करो। अब उसमें काला नमक, भुना जीरा पाउडर, चाट मसाला और नींबू का रस डाल दो। इसे अच्छे से मिक्स करो। आखिरी में इसमें बर्फ डालो और चुस्की लो।

### तरबूज नारियल ड्रिंक

यह एक ऐसी ड्रिंक है, जो आपको ट्रॉपिकल फील देती है। साथ ही साथ, हाइड्रेशन गोल्स को भी पूरा करने में मदद करती है। इस ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज को ब्लेंड करो। अब उसमें नारियल पानी मिक्स कर दो। अब इसमें थोड़ा पुदीना डालें। इससे यह ड्रिंक और भी ज्यादा रिफ्रेशिंग फील होती है। अब इसे ठंडा कर लें। आप इसे वर्कआउट के बाद या फिर दिन में किसी भी समय पी सकते हैं।

# गुड़हल फूल के उपाय से दूर हो सकती हैं आर्थिक तंगी

अगर आप आर्थिक रूप से परेशान हैं, तो सोमवार के दिन गुड़हल फूल के उपायों को आजमाकर आप भगवान शिव और मां लक्ष्मी की कृपा पा सकती हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, आइए इन उपायों के बारे में हम आपको विस्तार से बताते हैं।

### मां लक्ष्मी को अर्पित करें गुड़हल का फूल



सोमवार के दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र के सामने लाल गुड़हल का फूल अर्पित करें। यह उपाय धन की देवी को प्रसन्न करने और आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सहायक माना जाता है।

### मनोकामना पूर्ति के लिए

अपनी कोई विशेष आर्थिक मनोकामना मन में रखते हुए सोमवार के दिन भगवान शिव और मां लक्ष्मी दोनों को गुड़हल का फूल चढ़ाएं। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय से आपकी इच्छा जल्द ही पूरी हो सकती है।

### नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए

घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और सकारात्मकता लाने के लिए सोमवार के दिन गुड़हल का फूल घर के मुख्य द्वार पर या पूजा स्थान पर रखें।

### सूर्य देव को जल अर्पित करते समय

कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि यदि आप सोमवार के दिन सूर्य देव को जल अर्पित करते हैं, तो उसमें एक गुड़हल का फूल डालकर अर्पित करना आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकता है।

### शिवलिंग पर गुड़हल का फूल चढ़ाएं

सोमवार के दिन स्नान आदि के बाद भगवान शिव की पूजा करें और उन्हें गुड़हल का फूल अर्पित करें। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव को गुड़हल का फूल चढ़ाने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

किसी भी उपाय को पूरे विश्वास और श्रद्धा के साथ करें। फूल ताजा और साफ होना चाहिए। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, अगर आप आर्थिक रूप से परेशान हैं, तो इन सरल उपायों को आजमाने में आपकी समस्याओं का हल हो सकता है।

**कार्नर न्यूज**

## लाखों महिलाएं हैं पोस्टपार्टम डिप्रेशन की शिकार,आपको भी तो नहीं होती हैं ये दिक्कतें

# प्रसव के बाद बहुत सी महिलाएं हो जाती हैं अवसाद की शिकार, उबरने के लिए जरूरी है आप में इच्छाशक्ति

दुनियाभर में, प्रसवोत्तर अवसाद (पीपीडी) लगभग 10-20% माताओं को प्रभावित करता है। विकासशील देशों में यह अधिक है, कुछ अध्ययनों में इन क्षेत्रों में 20% तक की दर बताई गई है। ये प्रसव के बाद शुरू होती है और महिला को उदासी, थकावट, चिंता, और नकारात्मक विचारों से प्रभावित करती है।

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं जैसे स्ट्रेस-एंग्जाइटी के मामले दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़े हैं। इन स्थितियों पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण डिप्रेशन का खतरा हो सकता है, जिसे गंभीर समस्या माना जाता है। क्या आप जानते हैं एक प्रकार का डिप्रेशन सिर्फ महिलाओं को होता है? इसे पोस्टपार्टम डिप्रेशन के नाम से जाना जाता है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में लाखों महिलाएं इस समस्या का शिकार हैं, भारतीय महिलाओं में भी इसका खतरा देखा जाता रहा है जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।

प्रसवोत्तर अवसाद या पोस्टपार्टम डिप्रेशन (पीपीडी) एक प्रकार का मनोदशा विकार है जो प्रसव के बाद महिलाओं को प्रभावित कर सकता है। इसमें महिलाओं को तीव्र उदासी, चिंता और डिप्रेशन के



अन्य लक्षणों का अनुभव हो सकता है। कई बार ये स्थिति इतना खतरनाक हो सकती है कि मां के लिए अपने बच्चे की देखभाल करना भी कठिन हो जाता है।

दुनियाभर में देखे जा रहे हैं इसके मामले

दुनियाभर में, प्रसवोत्तर अवसाद (पीपीडी) लगभग 10-20% माताओं को प्रभावित करता है। विकासशील देशों में यह अधिक है, कुछ अध्ययनों में इन क्षेत्रों में 20% तक की दर बताई गई है।

भारतीय आबादी के लिए बई ये गंभीर चिंता का कारण रही है। यहां सबसे बड़ी चिंता ये है कि लोग इस समस्या का पहचान नहीं पाते और अक्सर इसका निदान भी नहीं हो पाता है। समय पर इसका इलाज न हो पाने के कारण जटिलताओं के बढ़ने का खतरा रहता है।

भारत में आर्थिक कठिनाइयां, घरेलू हिंसा, मानसिक बीमारी का इतिहास, वैवाहिक कलह और परिवार से समर्थन की कमी जैसी स्थितियों के चलते पीपीडी के मामले अधिक देखे जाते रहे हैं।

### पोस्टपार्टम डिप्रेशन और इसके क्या कारण हैं?

पोस्टपार्टम डिप्रेशन एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो प्रसव के बाद शुरू होती है और महिला को उदासी, थकावट, चिंता, और नकारात्मक विचारों से प्रभावित करती है। यह जन्म के बाद पहले कुछ हफ्तों या महीनों में कभी भी शुरू हो सकता है। कई नई माताओं को प्रसव के बाद ₹बेबी ब्लूज़₹ का अनुभव होता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह के अवसाद का कोई एक कारण नहीं है। आनुवंशिकी, शारीरिक परिवर्तन और भावनात्मक स्थितियां इसके लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में इसका पारिवारिक इतिहास रहा हो उनमें खतरा अधिक रहता है।

इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद, आपके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन में परिवर्तन के कारण आपको ये समस्या हो सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पाल्मे डी'ओर से सम्मानित होंगे हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डी नीरो



दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉड्र्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था। कान की ओर से रॉबर्ट डी नीरो की प्रशंसा करते हुए उन्हें सिनेमा का लीजेंड बताया गया। जिन्होंने सिनेमा को एक अलग स्तर पर पहुंचाने का काम किया है। पाल्मे डी'ओर समारोह के बाद, एमिली बोनिन की म्यूजिकल कॉमेडी 'लीव वन डे' दिखाई जाएगी। 78वें कान फिल्म फेस्टिवल आयोजन 13 मई से 24 मई तक किया जाएगा। इसमें देश-दुनिया की कई चर्चित हस्तियां शामिल होंगी। आलिा भट्ट, ऐश्वर्या राय और जान्हवी कपूर समेत भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।

### टॉलीवुड

## 'कन्नप्पा' का अमेरिका में प्रचार शुरू दिखाई गई सात मिनट की रील



तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू अपनी पौराणिक ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। यह फिल्म 27 जून, 2025 को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार शुरू हो चुका है। इस फिल्म का प्रचार सबसे पहले अमेरिका से शुरू हुआ।

खबर के मुताबिक, विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को लेकर अमेरिका में प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। विष्णु ने अपनी इस खास फिल्म का प्रचार करने के लिए अमेरिका में चार दिन का दौरा किया। यह दौरा न्यूयॉर्क से शुरू होकर न्यू जर्सी, डलास और सैन फ्रांसिस्को तक गया। हर जगह प्रशंसकों को 7 मिनट की खास वीडियो दिखाई गई, जिसमें फिल्म के शानदार सीन और किरदारों की झलक थी। दर्शक इसे देखकर बहुत खुश हुए और तालियां बजाईं। सभी का मानना है कि यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी भक्ति फिल्मों में से एक होगी। विष्णु ने प्रशंसकों से खुलकर बात की, उनके सवालों के जवाब दिए। उनका व्यवहार फैंस को बहुत पसंद आया। उन्होंने तेलुगु मीडिया को भी फिल्म के बारे में बताया कि यह उनके लिए कितनी खास है। कन्नप्पा 27 जून, 2025 को रिलीज होगी। इस दौरे में विष्णु को बेहद प्यार मिला।

फिल्म कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। मोहन बाबू द्वारा निर्मित यह एक फंतासी फिल्म है। यह फिल्म भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। विष्णु के अलावा फिल्म में मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम नजर आएंगे। इस फिल्म में मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार और काजल अग्रवाल की विशेष कैमियो भूमिकाएं भी शामिल हैं। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'भउजी हमार घर पे बाड़ी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर



रिंकू घोष, गौरव झा और संचिता बनर्जी स्टारर वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भउजी हमार घर पे बाड़ी' को सिनेमाघरों की बजाय सीधे वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के जरिए रिलीज किया गया है। 10 मई शनिवार को टीवी चैनल 'भोजपुरी सिनेमा' पर इस फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके अगले ही दिन 11 मई रविवार को भी यह फिल्म टीवी पर दोबारा दिखाई गई।

'भउजी हमार घर पे बाड़ी' फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा और संचिता बनर्जी के अलावा रक्षा गुप्ता, देव सिंह, राकेश बाबू, श्वेता वर्मा, रिंकू भारती और केके गोस्वामी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। मेकर्स ने भोजपुरी के दर्शकों से अपील की है कि वह पूरे परिवार के साथ घर बैठे फिल्म का आनंद लें।

भोजपुरी फिल्म 'भउजी हमार घर पे बाड़ी' के निर्देशक अजय कुमार झा हैं। वह कहते हैं, 'यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में रिंकू घोष की भूमिका खास तौर पर ऐसी है, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है। मुझे पूरा यकीन है कि हमारी यह फिल्म हर किसी के दिल को छू जाएगी।' फिल्म की कास्ट में कई कैमियो भी हैं। गेस्ट अपीयरेंस में सोनिया मिश्रा, पारुल प्रिया, संजू सोलंकी, अंशू तिवारी, विद्या सिंह, सुजीत सार्थक, अशोक गुप्ता, रिंकू यादव, अरबिंद तिवारी, और अभय सिंह भी है।

### स्मार्ट फैब्रिक

### लाइफ स्टाइल



2025 में फैब्रिक की दुनिया में गंभीर तकनीकी अपग्रेड देखने को मिल रहा है। आइरिश वैन हर्पेन के बायोमिमिक्री से प्रेरित डिज़ाइन की बदौलत अब आपके शरीर के तापमान के हिसाब से एडजस्ट होने वाले कपड़ों से लेकर आपके स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले बिल्ट-इन बायोमेट्रिक फ़ैब्रिक तक, फ़ैशन और तकनीक का मिश्रण ट्रेंड पर है।

## गर्मी में आपका चेहरा चमकाएगी मुल्तानी मिट्टी

यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जो इस मौसम में खिली-खिली त्वचा चाहते हैं तो स्किन केयर में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करें। यहां हम आपको मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करने के कई तरीके बताने जा रहे हैं।

मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल का मिश्रण

मुल्तानी मिट्टी चेहरे पर लगाने का ये सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आपको एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी लेनी है और उसमें थोड़ा सा गुलाब जल मिक्स करना है। जब इसका पेस्ट बन जाए तो इसे ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर अप्लाई करें। आधे घंटे इस पेस्ट को ऐसे ही लगा रहने दें और फिर चेहरे को धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### मुल्तानी मिट्टी और दही का मिश्रण

इन दोनों चीजों में ही ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो आपके चेहरे को दमकाने में मदद करेंगे। इसके लिए एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी ले लें। इसके बाद उसमें दो चम्मच दही मिक्स करें और पेस्ट बना लें। जब पेस्ट तैयार हो जाए इसे अपने चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें और इसका असर देखें।

### मुल्तानी मिट्टी और नींबू का रस का मिश्रण

नींबू का रस हर किसी को सूट नहीं करता है, इस बात का ध्यान अवश्य रखें। मिश्रण को तैयार करने के लिए एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी लेकर उसमें थोड़ा सा नींबू का रस डालें। सिर्फ इससे पेस्ट नहीं



बन सकता, इसलिए आप इसमें थोड़ा सा गुलाब जल भी डाल सकते हैं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें फिर चेहरा धो लें।

### मुल्तानी मिट्टी, दूध और हल्दी का मिश्रण

यदि चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो आप बेझिझक इस पेस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको मुल्तानी मिट्टी में चुटकी भर हल्दी और दूध मिक्स करके उसका पेस्ट तैयार करना है। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट को चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाकर धो दें और फिर असर देखें।

### इन बातों का रखें ध्यान

यदि ऊपर दिए गए किसी भी मिश्रण का आप इस्तेमाल करना चाहते हैं तो एक बार पहले पैच टेस्ट कर लें। पैच टेस्ट करने के बाद किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहेगी।

## इंडियन हो या वेस्टर्न, इस तरह के फुटवियर हो सकते हैं हर आउटफिट के साथ मैच

### फैशन



हर कोई अलग-अलग आउटफिट के हिसाब से अलग-अलग फुटवियर खरीद कर रखे ये जरूरी नहीं है। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो एथनिक और वेस्टर्न हर आउटफिट के साथ जचेंगे।

भले ही आप कपड़े कितने ही अच्छे क्यों न पहन लें, लेकिन अगर आपने उसके साथ सही फुटवियर नहीं पहने हैं, तो आपका लुक अजीब दिखेगा। ये बात पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं पर ज्यादा लागू होती है। यही वजह है कि महिलाओं के पास फुटवियर का शानदार कलेक्शन होता है। पर, हर कोई अलग-अलग आउटफिट के हिसाब से अलग-अलग फुटवियर खरीद कर रखे ये जरूरी नहीं है।



ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो एथनिक और वेस्टर्न हर आउटफिट के साथ जचेंगे। यदि आपको स्टाइलिश दिखना पसंद है तो अपने कलेक्शन में ये पांच फुटवियर शामिल करें, ताकि आपका अंदाज सबसे हट के दिखे।

### कोल्हापुरी चप्पल

कोल्हापुरी चप्पल पैरों की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देती हैं। इन्हें आप जींस-शॉर्ट्स के साथ-साथ सूट और साड़ी के साथ भी कैरी कर सकती हैं। यदि कोल्हापुरी चप्पल खरीदने का प्लान कर रही हैं, तो याद रखें कि इसे लेदर या मेटैलिक फिनिश में लें तो वेस्टर्न लुक पर भी खूब जचते हैं।

### बैलेरीना फ्लैट्स

यदि आपको एलिगेंट और क्लासी लुक कैरी करना पसंद है तो बैलेरीना फ्लैट्स को अपने कलेक्शन में शामिल करें। इसे खरीदने का प्लान कर रही हैं तो बेज, ब्लैक या टैन कलर चुनें ताकि हर आउटफिट से मैच हो जाए। इसे जींस और वेस्टर्न दोनों के साथ कैरी किया जा सकता है।

### ब्लॉक हील

यदि आपको ज्यादा हील पहनना नहीं पसंद है तो ब्लॉक हील्स अपने पास रखें। ये हील्स सूट से लेकर साड़ी और वेस्टर्न तक पर खूब जचती है। ब्लॉक हील्स हमेशा गोल्डन, सिल्वर या न्यूड शेड में लें तो और वर्सेटाइल हो जाएंगी। फिर आप इसे हर मौके पर कैरी कर सकती हैं।

## मुंहासों से हैं परेशान तो इन नुस्खों को आजमाकर देख लें, रातभर में होंगे हल्के

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो मुंहासे की समस्या से परेशान न रहा हो। ये एक ऐसी परेशानी है, जो हर दूसरे दिन आपके सामने आ सकती है। खराब खान-पान के अलावा बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल से भी चेहरे पर मुंहासे निकलते हैं। ये मुंहासे खासतौर पर उस वक्त निकलते हैं, जब कहीं जाना हो। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको इस्तेमाल करने के बाद एक रात में ही इन मुंहासों को गायब किया जा सकता है। इसके लिए आपको कोई ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी न होने पाए।

### टी ट्री ऑयल

इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे के मुंहासे एकदम से गायब हो जाएंगे। विशेषज्ञों की मानें तो इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंहासों के बैक्टीरिया को मारने में मदद करते हैं। इसके लिए आपको बस ये ध्यान रखना है कि इस तेल को आप सीधा अपने चेहरे पर नहीं लगा सकते।



इसके लिए एक चम्मच टी ट्री ऑयल में नारियल का तेल मिक्स करना है। अब इसे रात के समय अपने चेहरे पर लगाएं और ऐसे ही सो जाएं। सुबह उठकर इस तेल को अपने चेहरे पर लगाएं।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके चेहरे पर गर्मी की वजह से मुंहासे हो रहे हैं तो अपने चेहरे पर ऐसी चीजें लगानी चाहिए, जिससे त्वचा को ठंडक मिले। इसके लिए एलोवेरा जेल सबसे सही विकल्प है।

इसके लिए सबसे पहले ताजे एलोवेरा के पत्ते से जेल निकालें और उसे रात के समय अपने चेहरे पर लगाएं।

## सनबर्न से बचने के लिए सनस्क्रीन के इस्तेमाल करते समय इन बातों का रखें विशेष ध्यान

यदि सनस्क्रीन का सही से इस्तेमाल न किया जाए तो सनबर्न और टैनिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। टैनिंग और सनबर्न अगर एक बार हो गए तो इन परेशानियों से छुटकारा पाना आसान नहीं होता। ऐसे में स्किन विशेषज्ञ सही सनस्क्रीन इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। यहां हम आपको सही तरीके से सनस्क्रीन इस्तेमाल करना बताने जा रहे हैं।

### सही हो एसपीएफ

कई बार लोग बिना जानकारी के या फिर पैसे बचाने के चक्कर में 30 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। गर्मी के मौसम में हमेशा कम से कम 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।



सिर्फ वही आपको धूप से बचाकर रखेगी।

### बाहर निकलने से 20 मिनट पहले लगाएं

सनस्क्रीन लगाने के तुरंत बाद कभी भी बाहर न जाएं। जब भी घर से बाहर जाना हो तो कम से कम 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि सनस्क्रीन को त्वचा में ऑब्जर्ब होने में 15 मिनट का समय लगता है, जिसके बाद ही ये धूप से आपकी त्वचा का बचाव कर पाएगी।

### मात्रा हो सही

ध्यान रखें कि सनस्क्रीन इस्तेमाल करने में किसी तरह की कंजूसी न बरतें। सही मात्रा में सनस्क्रीन लेकर उसे चेहरे से लेकर हाथ-पैर और गर्दन तक पर सही से लगाएं। यदि आप सही मात्रा में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपको अवश्य ही फायदा मिलेगा। कभी भी ये न सोचें कि सनस्क्रीन सुबह एक बार लगा ली, बस काफी है। जबकि ऐसा नहीं है। इस भीषण गर्मी में कम से कम हर दो से तीन घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में अपनाएं कुछ आसान से टिप्स

## भीषण गर्मी के दौरान ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, वरना झुलस जाएगा चेहरा और हाथ-पैर

हर साल मई के महीने में नौतपा पड़ता है और इस दौरान लोगों का घर से बाहर निकला भी मुश्किल हो जाता है। इस साल की बात करें तो 2025 में नौतपा 25 मई से शुरू होगा और 8 जून को समाप्त होगा। नौतपा में 9 दिनों की अवधि होती है, जो हर साल सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने पर शुरू होती है।

इस दौरान सूर्य देव अपनी पूरी शक्ति से पृथ्वी को तपाते हैं, जिस कारण हर कोई काफी परेशान हो जाता है। ऐसे में नौतपा के दौरान स्किन का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए हम आपको यहां कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप नौतपा में भी आप त्वचा का ध्यान आसानी से रख सकते हैं।

नौतपा शुरू होने से पहले ही सही सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना शुरू कर लें। ध्यान रखें कि इस दौरान आपको कम से कम 350 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे कम एसपीएफ वाली सनस्क्रीन धूप से आपकी स्किन को बचा नहीं पाएगी। जेल बेस्ड सनस्क्रीन लेकर उसे हर तीन से चार घंटों में इसका इस्तेमाल करें।

### ऐसे फेस पैक लगाएं

नौतपा में गर्मी काफी ज्यादा होती है,



ऐसे में कोशिश करें कि ऐसे फेस पैक का इस्तेमाल करें, जो स्किन पर ठंडक पहुंचाएं। त्वचा को ठंडक पहुंचाने वाले फेसपैक चेहरे की कई परेशानियों को दूर रखने का काम करेंगे।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

शरीर के साथ-साथ इस गर्मी में अपनी स्किन को भी हाइड्रेट रखें। इसके लिए गुलाब जल या फिर एलोवेरा से बनें टोनर को दिन में दो बार चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरा हाइड्रेट रखेगा। ये आपकी स्किन की कई परेशानियों को दूर रखने में भी मदद करेगा।

### सूती या लिनेन फैब्रिक के कपड़े पहनें

ध्यान रखें कि इस मौसम में आपको किसी भी कीमत पर मोटे फैब्रिक के कपड़े न पहनें। मोटे फैब्रिक के कपड़े आपको उलझन में डाल सकते हैं। इसकी जगह कोशिश करें कि आप सूती या फिर लिनेन फैब्रिक के कपड़े पहनें। ये कपड़े आपको गर्मी में काफी आराम पहुंचाएगा।



### धूप से जितना हो सके उतना बचें

यदि आपको घर से बाहर निकलना है, तो ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है। इसके लिए धूप में निकलते वक्त छाता, टोपी, गॉगल्स और स्कार्फ का इस्तेमाल करें ताकि चेहरा, आंखें और बाल सीधे संपर्क में न आएं। स्कार्फ भी एकदम हल्के कपड़े का होना चाहिए, वरना चेहरे पर और दिक्कतें हो जाएंगी।

### बाहर से आकर करें ये काम

धूप से आने के बाद चेहरे को पहले ठंडे पानी से धो लें, इसके बाद भी यदि चेहरा गर्म लग रहा है तो ठंडे दूध में रुई भिगोकर कुछ मिनट तक चेहरे पर रखें या एलोवेरा जेल लगाएं।